इंदौर
शनिवार
14 नवंबर 2026
वर्ष- 22 • अंक 150

दोपहर दैनिक

सिटी ब्लास्ट

स्कैन करें, ई-पेपर पढ़ें

मूल्य 2 रुपए • पृष्ठ 12

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

epaper.cityblast.in

अमेरिका में 8000 से ज्यादा उड़ानें कैंसिल

15 लाख यात्री फंसे

न्यू जर्सी ● एजेंसी

अमेरिका में एयर ट्रैफिक कंट्रोल के कम्युनिकेशन सिस्टम में खराबी के कारण 4 घंटे से ज्यादा समय तक विमानों की उड़ानें रोकनी पड़ीं। इस दौरान 8,000 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुईं और करीब 15 लाख यात्री प्रभावित हुए इस दौरान कोई हार्प बजाकर समय बिताता दिखा, तो कोई बच्चों के साथ खेलता नजर आया। वहीं, कुछ यात्री लैपटॉप पर काम करते दिखे। कई घंटों बाद उड़ानें फिर शुरू हुई, लेकिन कई विमान उड़ नहीं पाए। इसका असर भारत-अमेरिका उड़ानों पर भी पड़ा।





मप्र आ रही बस बनी आग का गोला, बाल-बाल बचे 40 यात्री

शनिवार.एजेंसी। मथुरा के पास यमुना एक्सप्रेसवे के राया कट पुल पर स्लीपर बस में भीषण आग लग गई। यात्री बस दिल्ली से मध्य प्रदेश के छतरपुर आ रही थी। बस में करीब 40 यात्री सवार थे। आग की लपटें उठते ही यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। गनीमत रही कि पुलिस और दमकल विभाग की तत्परता से सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

कंगना के खिलाफ FIR

शिमला.एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत के खिलाफ हिमाचल प्रदेश के शिमला में एफआईआर दर्ज की गई है। यह मामला कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और गांधी परिवार को लेकर की गई उनकी टिप्पणी से जुड़ा है। रिटायर्ड कैप्टन अतुल शर्मा की शिकायत पर यह एफआईआर दर्ज हुई।

टैंकर की टक्कर से डूबा जहाज बाल-बाल बचे 129 यात्री

न्यू ऑरलियन्स.एजेंसी। अमेरिकी शहर न्यू ऑरलियन्स में एक टैंकर ने 129 यात्रियों को ले जा रहे रिवर क्रूज को टक्कर मार दी, जिससे वह डूब गया। मिसिसिपी नदी में हुए इस हादसे के कुछ वीडियो भी सामने आए हैं, जिसमें क्रूज में सवार यात्री रेलिंग पकड़े हुए चीखते-चिल्लाते दिख रहे हैं। रेस्क्यू टीमों ने सभी लोगों को बाहर निकाल लिया है। 32 से ज्यादा अस्पताल में भर्ती हैं।

प्रेमी के साथ मिलकर पत्नी ने पति को मरवा डाला

पटना.एजेंसी। बिहार में पटना के बिहटा इलाके में एक शादीशुदा महिला का गांव के 22 वर्षीय युवक से अफेयर था। पति को पता चला तो विरोध किया। महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या की साजिश रच डाली फिर सुपारी देकर कत्ल करा दिया। मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है।

राकांपा के दोनों गुटों के विलय के प्रयास जारी

नई दिल्ली.एजेंसी। राकांपा के शरद पवार गुट और अजित पवार गुट को एक करने के लिए प्रफुल्ल पटेल ने दिल्ली में पहले सुप्रिया सुले से और फिर सुनील तटकरे से मुलाकात की। ज्ञात रहे कि अजित पवार गुट अभी भाजपा के साथ है और शरद पवार गुट कांग्रेस के साथ है। स्व. अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार महाराष्ट्र की भाजपा सरकार में उप मुख्यमंत्री हैं, इसलिए वे विलय के लिए ज्यादा उत्साहित नहीं हैं। विलय होने के बाद शरद पवार गुट भाजपा के साथ आएगा या नहीं, यह भी सबसे बड़ा सवाल है।

जैसलमेर में 4 भाई-बहन डूबे

जैसलमेर.एजेंसी। जैसलमेर में पानी की डिग्गी में डूबकर चार मासूम बच्चों की मौत हो गई। इनमें तीन सगी बहनें और एक रिश्ते का भाई है। चार बच्चों की मौत से पूरे गांव में कोहराम मच गया है।

खरगोन-खंडवा में भूकंप के झटके

शनिवार.एजेंसी। मप्र के निमाड़ क्षेत्र में आज सुबह सुबह भूकंप के झटके आए। खरगोन और खंडवा में ये झटके सुबह सवा 9 बजे के लगभग महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता 4.5 दर्ज की गई। इन झटकों से लोगों में दहशत फैल गई।



कांग्रेसियों ने झांझ-मंजीरे के साथ सद्बुद्धि गीत गाया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

स्वच्छता सर्वेक्षण के परिणाम में इंदौर शहर की दूरी पर कांग्रेस ने कल सोये हुए महापौर और निगम अधिकारियों को जगाने के लिए झांझ-मंजीरे बजाए और साथ में सद्बुद्धि देने का गीत भी गाया। कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे कल शाम जीतू पटवारी के कार्यक्रम में मौजूद थे इसलिए वे राजवाड़ा कार्यक्रम में कुछ देरी से पहुंचे थे, उसके पहले कांग्रेस संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल ने कार्यक्रम शुरू करवा दिया था। चिन्टू चौकसे ने कहा कि इंदौर स्वच्छता सर्वेक्षण में 8 साल तक बेताज बादशाह रहा और इस बार इंदौर शहर पिछड़ गया। स्वच्छता जोड़ी में दूसरे स्थान पर आकर टिक गया और सुपर लीग में कोई स्थान इंदौर को



नहीं मिला। सीधा-सीधा चिन्टू चौकसे ने इस नाकामी के लिए महापौर पुष्यमित्र भार्गव और निगम के अधिकारियों को दोषी बताया। चौकसे ने कल भी महापौर को पनौती बताया और कहा कि पनौती बोलने के पीछे पर्याप्त कारण है। पहले पटेल नगर कुएं की घटना में भी 36 लोगों की मृत्यु हुई थी और फिर भागीरथपुरा की घटना में भी 36 लोगों की मौत हो गई और अभी इंदौर में अल्प वर्षा हुई है और पानी की कमी का दोष भी महापौर के मत्थे चौकसे ने मढ़ा। चिन्टू चौकसे, राजेश चौकसे, अमन बजाज, संजय बाकलीवाल, अर्चना जायसवाल, रफीक खान, अनवर दस्तक, सादिक खान, अमित पटेल, सुदामा चौधरी, देवेन्द्रसिंह यादव, बंटी बदलानी सहित अन्य कांग्रेस नेता मौजूद रहे।



लालवानी की मौजूदगी में हुआ मिलन

ग्रामीण से भी पहुंचे समर्थक, सांसद ने एलईडी पर दिया विकास का ब्योरा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सांसद शंकर लालवानी के ओल्ड पलासिया कार्यालय में दीपावली मिलन का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में अहिल्या उत्सव समिति के पदाधिकारी और सदस्य भी पहुंचे। अध्यक्ष अशोक डागा ने सांसद शंकर लालवानी का स्वागत किया। इंदौर शहर के अलावा ग्रामीण से भी समर्थक इस मिलन में पहुंचे थे। अन्नकूट भोज का आयोजन भी हुआ। कई बार लालवानी भी भोज परोसते दिखाई दिए। कमल और प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के चित्र वाली रंगोली भी उकेरी गई थी। अन्नकूट प्रसादी को समरसता भोज का नाम भी दिया गया। सांसद शंकर लालवानी ने एलईडी स्क्रीन पर इंदौर के संसदीय क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का प्रस्तुतिकरण भी कराया। मंत्री, जनप्रतिनिधि, पूर्व जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, भाजपा नेता, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पूर्व विधायक ने जनविश्वास शिविर में सुनी समस्या

पहले किया था शुभारम्भ



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

विधानसभा एक के जिंसी क्षेत्र में कल मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने किया और जब इस शिविर में क्षेत्र की जनता ने समस्याएं बताना शुरू की तो खुद पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने कई लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों से समस्या पर चर्चा कर हल करने की बात भी कही। इस दौरान इस विधानसभा के भाजपा पार्षद, मंडल अध्यक्ष, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में जन समुदाय मौजूद था।

जनप्रतिनिधि का समरसता भोज कल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

विधायक राकेश शुक्ला ने अपनी विधानसभा के भाजपाइयों के लिए मिलन और समरसता भोज का आयोजन कल 15 नवम्बर की शाम 6 बजे नवलखा स्थित मांगलिक भवन पर रखा है।



पटवारी ने अपने हाथों से बच्चों को कराया भोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने विशेष बच्चों के लिए कल होटल रेडिसन में दिवाली मिलन और भोज का आयोजन किया। पटवारी ने अपने हाथों से बच्चों को भोजन परोसा। आयोजन से पटवारी की पत्नी रेणुका जुड़ी हुई थी। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे सहित अन्य भी मौजूद रहे।

पर्यटन विभाग निर्माण लीपापोती के बाद बना रहा है योजना -कांग्रेस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता प्रमोद द्विवेदी ने आरोप लगाया कि स्मार्ट सिटी योजना के घोटाले एवं घटिया निर्माण कार्य की लीपापोती खातिर पर्यटन विभाग गांधी हॉल को लेकर योजना बना रहा है। स्मार्ट सिटी योजना अंतर्गत लगभग 27 करोड़ से अधिक की राशि खर्च करके गांधी हॉल को सजाया संवारा गया था, अन्य कार्य किए गए थे मतलब गांधी हॉल की योजना बनाई गई थी। पर्यटन विभाग के निर्माण कार्य को लेकर शिकवा शिकायतें चल रही है। महापौर परिषद सदस्य राजेन्द्र राठौड़ सहित भाजपा नेताओं ने शिकायतें की है।

व्दिवेदी ने सवाल उठाया कि फिर मप्र सरकार का पर्यटन विभाग इसे अधिग्रहण करके 20 करोड़ से अधिक राशि खर्च क्यों कर रहा है। मतलब मप्र सरकार स्वीकार कर रही है कि घटिया निर्माण कार्य किया गया। द्विवेदी ने आरोप लगाया कि स्मार्ट सिटी योजना अंतर्गत जहां जहां काम हुए वहां वहां घोटाले छुपाने खातिर अब लगातार लीपापोती की जा रही है। एरोड्रम थाने के पास मेट्रो स्टेशन निर्माण करके स्मार्ट सिटी योजना घोटाले को दबाया गया कारण सारे निमार्ण कार्य नष्ट हो चुके हैं। बड़ा गणपति क्षेत्रों में मेट्रो स्टेशन निर्माण कार्य करके घोटाले को दबाया गया। अन्य जगहों पर कैसे कैसे काम हुए सबको पता है पर गांधी हॉल एवं नेहरू पार्क तो सीधे सीधे सबूत था और अब गांधी हॉल मप्र पर्यटन विभाग ले रहा है काम होंगे मतलब स्मार्ट सिटी योजना का घोटाला खत्म किया जा रहा है। उक्त पूर्ण जानकारी प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता प्रमोद द्विवेदी द्वारा दी गई।

इंदौर से दिल्ली तक तलाशा जा रहा स्वच्छता सर्वेक्षण का डैशबोर्ड

3 दिन बाद भी नहीं मिले अंक, महापौर और निगमायुक्त के नंबर वन होने के दावों के बीच सस्पेंस बरकरार, डैशबोर्ड नहीं आया तो दावों पर उठने लगे सवाल, विपक्ष ने भी खोला मोर्चा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। स्वच्छता में लगातार नंबर वन रहने वाले इंदौर की इस बार की रैंकिंग ने शहर से लेकर दिल्ली तक असमंजस की स्थिति पैदा कर दी है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 का परिणाम सामने आने के बाद भी अब तक स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) की वेबसाइट पर शहरों का डैशबोर्ड अपलोड नहीं हुआ है। गुरुवार से शनिवार तक तीन दिन बीत चुके हैं, लेकिन इंदौर के अधिकारी अब भी अंकों का इंतजार कर रहे हैं। यही डैशबोर्ड तय करेगा कि इंदौर का प्रदर्शन वास्तव में कितना बेहतर रहा और शहर को किस आधार पर आंका गया है।

खास बात यह है कि पिछले वर्षों में अवॉर्ड समारोह से करीब आधा घंटा पहले ही सर्वेक्षण का डैशबोर्ड वेबसाइट पर उपलब्ध हो जाता था। इसमें शहरों के अंक और प्रदर्शन का पूरा ब्योरा सामने आ जाता था। इस बार ऐसा नहीं होने से सवाल उठ रहे हैं कि आखिर परिणामों का विस्तृत ब्योरा सार्वजनिक करने में देरी क्यों हो रही है? इंदौर से लेकर दिल्ली तक अधिकारी इसकी जानकारी जुटाने में लगे हैं।

नंबर वन होने का दावा, लेकिन अंकों का इंतजार- महापौर पुष्यमित्र भार्गव और निगमायुक्त क्षितिज सिंघल लगातार इंदौर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का दावा कर रहे हैं। उनका कहना है कि निगम के कर्मचारियों और अधिकारियों ने कड़ी मेहनत की है और शहर का प्रदर्शन बेहतर रहा है। निगमायुक्त के मुताबिक, इस बार वन सिटी-वन अवॉर्ड की अवधारणा पर काम किया गया। इंदौर को स्वच्छ सुपर लीग से बाहर रखने के पीछे भी यही व्यवस्था बताई जा रही है। निगमायुक्त का कहना है कि इंदौर पिछले साल ही सामान्य स्वच्छ शहरों की प्रतिस्पर्धा से अलग हो चुका था। लगातार एक ही शहर को पुरस्कार देने के बजाय दूसरे शहरों को मौका देने के उद्देश्य से सुपर लीग बनाई गई थी। इसमें शामिल शहरों के लिए पहले, दूसरे और तीसरे स्थान की रैंकिंग का प्रावधान नहीं था, बल्कि उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को मान्यता दी जानी थी। हालांकि, इस बार सुपर लीग के शहरों के बीच भी पहले, दूसरे और तीसरे स्थान के पुरस्कार दिए जाने से स्थिति उलझ गई।

इंदौर को मोस्ट इंस्पिरेशनल सिटी बताया, लेकिन सवाल बरकरार- मंत्रालय की ओर से इंदौर के प्रदर्शन को सर्वश्रेष्ठ बताते हुए उसे मोस्ट इंस्पिरेशनल सिटी की सूची में शामिल होने की जानकारी दी गई थी। साथ ही आश्वासन दिया गया था कि जल्द डैशबोर्ड जारी होगा और अंकों से स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। लेकिन तीन दिन बाद भी डैशबोर्ड नहीं आने से इन दावों पर सवाल उठने लगे हैं।

दिल्ली में कमजोर हुई पकड़, फील्ड मॉनिटरिंग पर भी सवाल- दूसरी ओर विपक्ष महापौर के दावों को स्वीकार करने को तैयार नहीं है। लगातार प्रदर्शन कर सवाल उठाए जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, पिछले साल शहर की सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग और अधिकारियों की सक्रियता में कमी रही। स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन के लिए केवल फील्ड में सफाई पर्याप्त नहीं होती, बल्कि नियमित मॉनिटरिंग, दस्तावेजीकरण, प्रस्तुतीकरण और दिल्ली स्तर पर भी शहर की उपलब्धियों को प्रभावी तरीके से सामने रखना जरूरी होता है। इस बार दिल्ली में इंदौर की पकड़ कमजोर रहने की चर्चा भी है। अब सबकी निगाहें डैशबोर्ड पर टिकी हैं। क्योंकि महापौर और निगम अधिकारियों के दावों की असली तस्वीर अंकों के सामने आने के बाद ही साफ होगी। फिलहाल शहर के सामने सबसे बड़ा सवाल यही है कि इंदौर को मिले सम्मान की वास्तविक स्थिति क्या है और डैशबोर्ड आखिर कब सामने आएगा।

नाथ समर्थक इंदौर से भोपाल पहुंचे

प्रदेश भर के समर्थकों ने लगाए बैनर-पोस्टर, लिखा प्रदेश की मजबूरी नकुलनाथ जरूरी, दूसरे नेताओं के फोटो गायब

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

एक तरह से आज प्रदेश कांग्रेस की राजनीति में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ की बड़ी राजनीतिक इन्ट्री हो रही है। कमलनाथ वयोवृद्ध नेता हो चुके हैं। ऐसे में उनके उत्तराधिकारी के रूप में अब उनके समर्थक नकुलनाथ को कमलनाथ की राजनीतिक गद्दी का उत्तराधिकारी बना रहे हैं। आज दीपावली मिलन भोपाल में नाथ बंगले पर हो रहा है। बड़ी संख्या में प्रदेश भर से समर्थक भोपाल पहुंचे, जिसमें इंदौर के समर्थक भी है। इंदौर के कुछ समर्थक कल रात को ही भोपाल पहुंच गए थे। प्रदेश के कई नेताओं ने भोपाल बंगले के आसपास पोस्टर लगाए हैं, पोस्टर में यह भी लिखा कि मध्य प्रदेश की मजबूरी नकुलनाथ जरूरी है। इस नारे ने हाल ही में भोपाल की सियासत में जोरदार चर्चा छेड़ दी है। यह पोस्टर नकुलनाथ की वापसी को लेकर बढ़ती चर्चाओं को और हवा दे रहे हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि इन ज्यादातर पोस्टर में जीतू पटवारी और उमंग सिंघार जैसे बड़े नेताओं के फोटो नहीं है, इससे अंदरुनी गुटबाजी पर भी सवाल उठने लगे हैं। कई पोस्टर तो कल सुबह ही









लग गए थे उन्हें नगर निगम भोपाल ने हटाया भी था। इस पर विवाद भी हुआ था। स्थानीय भोपाल समर्थकों ने भी पहले से ही पोस्टर लगा दिए थे। नरेला विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस उम्मीदवार रहे मनोज शुक्ला भी निगम से पोस्टर हटाने के मुद्दे पर भिड़े थे। पहले भी नकुलनाथ प्रदेश की राजनीति से जुड़ना चाह रहे थे, लेकिन छिंदवाड़ा में नकुलनाथ 2024 का लोकसभा चुनाव हारे उसके बाद राजनीतिक मुख्य धारा से इन ढाई साल से दूरी बनी हुई थी। आज मिलन के बहाने उनकी प्रदेश कांग्रेस में वापसी हो रही है और कांग्रेस के समीकरण में बदलाव की संभावना भी बढ़ गई है। कमलनाथ का 80वां जन्मदिन भी चार दिन बाद 18 नवम्बर को आ रहा है और नाथ के जन्मदिन पर नकुलनाथ के प्रदेश की राजनीति में स्थापित होने से जोड़कर देखा जा रहा है। आज सुबह कमलनाथ और नुकलनाथ के कट्टर समर्थक गजेन्द्र वर्मा कई वाहनों के काफिले और साथियों के साथ निकले। वहीं पुराने समर्थक केके यादव भी आज वाहनों के काफिले के साथ निकले। शहर कांग्रेस के संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल, कोषाध्यक्ष शैलेष गर्ग भी दीपावली मिलन के आयोजन के लिए नाथ के बंगले पर पहुंचे। प्रेम खड़ायता, विनय बाकलीवाल भी साथियों के साथ भोपाल पहुंचे।



खाद-बीज के नमूने लिए गए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

कृषि विभाग ने जिले के बेटमा क्षेत्र में संचालित कृषि सेवा केन्द्रों पर औचक निरीक्षण कर खाद-बीज और अन्य कृषि आदानों की गुणवत्ता की जांच के लिए नमूने लिए गए। निरीक्षण वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी देपालपुर अनिलकुमार निगम के नेतृत्व में किया गया। उनके साथ ऑपरेटर मिथुन मकवाना उपस्थित रहे। टीम ने बालाजी कृषि सेवा केन्द्र बेटमा, धाकड़ कृषि सेवा केन्द्र, मेसर्स ओमकार जगनाथ तथा मदनी कृषि सेवा केन्द्र बेटमा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने लाइसेंस, स्टॉक रजिस्टर, बिल बुक, खाद एवं बीज के भंडारण की व्यवस्था, मूल्य सूची और विक्रय की जा रही सामग्री की जांच की। साथ ही विक्रय किए जा रहे खाद एवं बीज की गुणवत्ता को लेकर नमूने लिए गए। जांच के बाद कार्रवाई करने की बात भी अधिकारियों ने बताई। नमूनों को प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

अधिकारी-कर्मचारियों का दीपावली मिलन कल

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों का दीपावली मिलन का आयोजन कल 15 नवम्बर रविवार को दशहरा मैदान पर शाम 7 बजे से किया जाएगा। गन्नू महाराज की भजन संध्या भी होगी और भोजन का आयोजन भी रखा गया है। आयोजन से हरीश बोयत, पवन शर्मा, प्रवीण यादव, कमलेश सिंह, संदीप धौलपुरे, प्रशांत शास्त्री, अशोक मालवीय, मनोज मेहना, आरके शर्मा जुड़े हैं।

भागीरथपुरा में आज ॐ नमः शिवाय की गूंज

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। देव से महादेव वेलफेयर सोसायटी द्वारा भागीरथपुरा पुलिस चौकी के समीप संस्कार गार्डन में आज ॐ नमः शिवाय का सामूहिक जाप किया जाएगा। शाम 6 बजे एक युद्ध नशे के विरुद्ध संकल्प के साथ आयोजन होगा।

नेहरू प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर कांग्रेस ने आज देश के प्रथम प्रधानमंत्री रहे जवाहरलाल नेहरू जयंती पर नेहरू प्रतिमा पहुंचकर माल्यार्पण किया गया। कुछ कांग्रेसी गुलाब की कली लेकर भी पहुंचे थे। इस दौरान चिन्टू चौकसे, दीपक मलोरिया रानू, अर्चना जायसवाल, दिनेश मल्हार, अनिल यादव, विकास जोशी, दौलत पटेल, सत्यनारायण सलवाड़िया, किरण जिरेती सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद थे।



जल संरक्षण की शपथ और दीपावली मिलन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। एरोबिक्स क्लब प्रांगण रेसीडेंसी गार्डन में दीपावली मिलन का आयोजन आयोजित किया गया। आयोजन में जल संरक्षण की शपथ ली गई। पूर्व पार्षद दिलीप कौशल, कांग्रेस नेता रवि गुरनानी, विनीत ठाकुर, दिनेश सिलावट, सुभाष सिरसिया, नीलेश सेन शेलू, सुनील डामोर, दिलीप बामनिया, राजू सोनकर, धीरज कौशल, मुकेश बाथम, मोनू यादव, राकेश पाहवा, सचिन अग्रवाल, महेंद्र नागर, गजेंद्र चौधरी, अरविन्द गुप्ता, विनोद, समीर शाह, नीलम जैन, रीना यादव, इश्रिता खान, पिंकी तिवारी, हरीश वाधवानी, एच.आर. सुमन, डॉ. संजय सिलावट, रमेश बडोनिया, ऋषभ जैन सहित अन्य मौजूद थे।

पालीवाल समाजजन रहे अन्नकूट में मौजूद

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। पालीवाल बाह्मण समाज 24 श्रेणी के पालीवाल जय अंबे ग्रुप द्वारा माँ अन्नपूर्णा एवं माँ राकड़ी माता मंदिर परिसर पालीवाल समाज भवन, माँ अन्नपूर्णा मंदिर पर दो दिवसीय धार्मिक आयोजन किया और दीपावली मिलन एवं अन्नकूट का आयोजन एवं सुन्दरकांड का पाठ और माता का जागरण, छप्पन भोग, आरती का आयोजन किया गया। अखिलेश जोशी ने उक्त जानकारी दी। बड़ी संख्या में पालीवाल समाजजन परिवार सहित मौजूद रहे।



अवैध नल कनेक्शन को वैध करने का अभियान सोमवार से

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

नगर निगम के द्वारा अवैध नल कनेक्शन को वैध करने का अभियान सोमवार से शुरू किया जा रहा है। यह अभियान एक महीने तक चलेगा। इसके बाद में फिर अवैध कनेक्शन पर कार्रवाई करते हुए अर्थदंड लगाया जाएगा।

पिछले दिनों आयोजित की गई महापौर परिषद की बैठक में यह फैसला लिया गया था कि शहर में जितने अवैध नल कनेक्शन हैं उन्हें वैध करने के लिए अभियान चलाया जाए। इस बैठक में ही यह भी तय कर लिया गया था कि एक महीने का यह अभियान चलाया जाएगा। इस फैसले के तारतम्य में नगर निगम के अधिकारियों के द्वारा यह निश्चित किया गया कि सोमवार 16 नवंबर से इस अभियान को शुरू किया जाएगा। इसके लिए पूरे शहर में नागरिकों के बीच जन जागरण का कार्य किया जाएगा। हर व्यक्ति को यह जानकारी दी जाएगी कि यदि उनके घर का नल कनेक्शन विधिवत नहीं है तो उसे विधिवत करवा लें।

1 महीने तक अभियान चला कर करेंगे काम, फिर लगेगा अर्थदंड

इस अभियान का संचालन करने के लिए हर जोनल कार्यालय पर जलप्रदाय व्यवस्था से जुड़ी हुई जो टीम है उसके द्वारा ही पूरे क्षेत्र में कार्य का संचालन किया जाएगा। इसके तहत निगम की टीम के द्वारा यह जांच भी की जाएगी कि कौन से घरों में अवैध नल कनेक्शन हैं। इस टीम को जिन घरों की जानकारी मिलेगी उन घरों पर जाकर भी लोगों को अपना कनेक्शन वैध कराने के लिए कहा जाएगा। इसके साथ ही लोगों को यह जानकारी भी दी जाएगी कि यदि 1 महीने में उनके द्वारा अपने कनेक्शन को भी विधिवत करवाने का काम नहीं किया जाता है तो उसके बाद में जो कार्रवाई की जाएगी उसमें उन पर भी कार्रवाई होगी।

पहले भी चल चुका है अभियान

नगर निगम के द्वारा पहले भी अवैध कनेक्शन को वैध कनेक्शन में तब्दील करने का अभियान चलाया जा चुका है। उस समय अभियान के कोई बहुत अच्छे परिणाम सामने नहीं आए थे। इस तरह के अभियान के चलने के बाद जब जांच का कार्य निरंतर नहीं किया जाता है तो इस तरह के अभियान पूरी तरह से फेल हो जाते हैं। यही ऐसी स्थिति है जो नगर निगम के समक्ष चुनौती बनकर खड़ी होती है। निगम के द्वारा इस स्थिति को समाप्त करने के लिए इस बार पहल की जा रही है। अब इस पहल के क्या परिणाम निकल कर सामने आते हैं यह तो आने वाले समय में ही स्पष्ट हो सकेगा।

10 दिन बाद अब फिर बढ़ा सुबह का तापमान

रात के समय हल्की ठंड का दौर कायम

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आज 10 दिन के बाद एक बार फिर सुबह का तापमान बढ़ गया है। इस तापमान के बढ़ने से आज गर्मी का असर ज्यादा रहने की संभावना बढ़ गई है। इसके साथ ही रात के समय पर ठंड का सिलसिला कायम है। यह ठंड भी अभी हल्की सी बनी हुई है।

मौसम विभाग के अनुसार आज सुबह 8:30 बजे इंदौर शहर का तापमान 22 डिग्री सेल्सियस हो गया था। 10 दिन के अंतराल के बाद ऐसा हुआ है जब सुबह के समय पर तापमान इतना हो गया है। पिछले 10 दिनों में यह तापमान 20 डिग्री और 21 डिग्री सेल्सियस बना हुआ था। इसके पहले 4 नवंबर को इंदौर का तापमान 22 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा था। इस तापमान के 22 डिग्री हो जाने से यह उम्मीद नजर आ रही है कि आज शहर में गर्मी थोड़ी ज्यादा महसूस होगी। इसी बीच सुबह जल्दी और रात में देरी के समय पर हल्की ठंड बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार कल शहर का अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री सेल्सियस रहा है। यह तापमान सामान्य तापमान से एक डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। यही कारण है कि दिन के समय पर नागरिकों को गर्मी का एहसास हो रहा था और उन्हें ठंडक पहुंचाने वाले उपकरणों का उपयोग करना पड़ रहा था। कल न्यूनतम तापमान 11.02 डिग्री सेल्सियस रहा है, जो कि सामान्य तापमान से 4 डिग्री सेल्सियस कम है। इसके परिणामस्वरूप देर शाम के समय पर ठंड का एहसास नागरिकों को बना रहा। अभी इंदौर में 6 किलोमीटर प्रति घंटा से लेकर 12 किलोमीटर प्रति घंटा तक की रफ्तार से हवा चल रही है। इसी बीच मौसम विभाग के विशेषज्ञों का कहना है कि अभी इंदौर का मौसम इसी तरह का बना रहेगा। इस मौसम में कोई बहुत ज्यादा परिवर्तन आने की उम्मीद नहीं है। इसके चलते हुए यह आसानी से समझा जा सकता है कि अभी तेज ठंड की दस्तक इंदौर में नहीं हो सकेगी। नागरिकों को हल्की गुलाबी ठंड का ही आनंद मिलेगा।

अम्बिकापुरी के रहवासी बोले-दूसरा भागीरथपुरा बन जाएगा हमारा क्षेत्र

नलों और बोरिंग में आ रहा है ड्रेनेज का पानी, पार्षद पर जमकर बरसे नागरिक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

विधानसभा एक के वार्ड 14 स्थित अम्बिकापुरी के रहवासी क्षेत्रीय परेशानियों के चलते सड़क पर उतर गए। उन्होंने नारेबाजी भी की और अम्बिकापुरी दूसरा भागीरथपुरा बन जाएगा यह चेतावनी भी दी। क्षेत्र में नलों और बोरिंग से गंदा पानी आने की शिकायत मिल रही है।

अम्बिकापुरी और उसके एक्सटेंशन के रहवासी कल आक्रोशित नजर आए। करीब 50 रहवासी पार्षद के खिलाफ सड़क पर उतर गए। रहवासियों का कहना है कि क्षेत्रीय पार्षद अश्विन शुक्ला उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं करते है। दरअसल क्षेत्र में ड्रेनेज व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है, ड्रेनेज का गंदा पानी घरों में आ रहा है एवं पीने के पानी के साथ मिल रहा है। रहवासियों ने कहा कि हमारा क्षेत्र दूसरा भागीरथपुरा बन जाएगा।





उल्लेखनीय है कि भागीरथपुरा में दूषित जल के कारण कई लोगों की जानें चली गई थी। आक्रोशित रहवासी पार्षद पर भी जमकर बरसे और कहा कि वे शिकायत पर आते है और आश्वासन देकर चले जाते है। बीते तीन वर्षों से यह समस्या बनी हुई है।

रहवासियों ने हल्ला मचाया तो जागे पार्षद

कल अम्बिकापुरी के रहवासी जैसे ही पार्षद के खिलाफ मुंह खोलने लगे और मीडिया के सामने आए तो आज सुबह क्षेत्रीय अश्विन शुक्ला रहवासियों के बीच पहुंच गए और उन्होने सभी गलियों का भ्रमण किया। अब देखना होगा कि रहवासियों की समस्या का निराकरण कब तक होगा।

सुभाष मार्ग पर तोड़फोड़ के निशान लगाने का काम आज से

कंडीलपुरा में तोड़फोड़ करने के लिए निगम ने मचाया हल्ला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

नगर निगम के द्वारा सुभाष मार्ग पर सड़क को चौड़ा करने और नया बनाने के लिए तोड़फोड़ के निशान लगाने का काम आज से शुरू करने की तैयारी की जा रही है। इसके साथ ही निगम के द्वारा कंडीलपुरा में सड़क को चौड़ा करने के लिए तोड़फोड़ का हल्ला मचा दिया गया है।

नगर निगम के द्वारा पूरे शहर में मास्टर प्लान के प्रावधान वाली सड़क का निर्माण शुरू किया गया है। इस प्रोजेक्ट में नगर निगम के द्वारा 23 सड़कों का निर्माण करने का काम हाथ में लेने की घोषणा की गई थी। इसमें से सुभाष मार्ग और कंडीलपुरा की सड़क भी शामिल है। इन सड़कों का निर्माण अभी शुरू नहीं हो सका है। अब नगर निगम के द्वारा जल्द ही इन दोनों सड़कों का निर्माण कार्य शुरू करने की दिशा में काम करना शुरू कर दिया गया है। निगम की ओर से आज सुभाष मार्ग पर सड़क के निर्माण के लिए तोड़फोड़ के निशान लगाने का काम किया जाएगा। वैसे तो नगर निगम कई साल पहले भी यहां पर तोड़फोड़ के निशान लगा चुका है। उस समय जब नगर निगम के द्वारा निशान लगाए गए थे तो वे निशान 100 फीट चौड़ी सड़क के लिए लगाए गए थे। इसके बाद जनप्रतिनिधियों के द्वारा की जा रही मांग के आधार पर सड़क की चौड़ाई को 20 फीट घटा दिया गया है। अब इस सड़क का निर्माण 80 फीट चौड़ाई में किया जाएगा। इसके लिए नगर निगम के द्वारा नए सिरे से तोड़फोड़ के निशान लगाए जाएंगे। यह निशान लगाने का काम आज ही शुरू करने की तैयारी की जा रही है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि सुभाष मार्ग पर जिंसी चौराहे के थोड़ा पहले तक के क्षेत्र में तो सड़क को चौड़ा करने और बनाने का काम हो चुका है। अब वहां से लेकर रामबाग चौराहे तक के क्षेत्र में इस काम को किया जाना है। इसके साथ ही निगम के द्वारा क़ंडीलपुरा क्षेत्र में भी सड़क को चौड़ा करने और उसका नया निर्माण करने के लिए आज हल्ला मचाने का काम कर दिया गया। नगर निगम की गाड़ियों द्वारा माइक से यह अनाउंसमेंट किया गया कि यहां पर सड़क का निर्माण जल्द ही शुरू किया जाना है। ऐसे में जिन लोगों के निर्माण कार्य सड़क की चौड़ाई की परिधि में आ रहे हैं वे लोग अपने निर्माण को खुद ही हटा लें। यदि लोगों के द्वारा अपने निर्माण नहीं हटाए जाते हैं तो निगम खुद इन निर्माणों को हटाने का काम करेगा। अब यह सड़क जल्द ही बनना शुरू हो जाएगी।

लंबित शिकायतों का जल्द निराकरण करें

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय सोनाली पोंक्षे वायंगणकर ने सीएम हेल्पलाइन पर 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों की समीक्षा कर उनका शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत इंदौर में सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों की बैठक में उन्होंने कहा कि लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में सकारात्मक एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में आयुक्त सामाजिक न्याय डॉ. कृष्ण गोपाल तिवारी भी मौजूद थे। बैठक में परिवार सहायता योजना और फेल ट्रांजेक्शन से जुड़े प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। सांवेर में एक प्रकरण 60 दिवस से अधिक समय तक लंबित मिलने पर प्रमुख सचिव ने संबंधित अधिकारियों को उसका तत्परता से निराकरण करने को कहा।

सहायक संचालक कृषि विकास परीक्षा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग की सहायक संचालक किसान कल्याण कृषि विकास (क्षेत्र विस्तार) परीक्षा 22 नवंबर को दोपहर 12 से 3 बजे तक अलग-अलग परीक्षा केंद्रों पर होगी। नियमानुसार परीक्षार्थियों को परीक्षा समय से 90 मिनट पहले केंद्र पर पहुंचना होगा। परीक्षा को सुव्यवस्थित और सुचारु ढंग से कराने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। केंद्रों में प्रवेश के समय सीसीटीवी सर्विलांस, बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण और प्रवेश पत्र की स्कैनिंग जैसे माध्यमों से त्रिस्तरीय जांच की जाएगी। एचएचएमडी से होने वाली जांच में पुरुष परीक्षार्थियों की जांच पुरुष वीक्षकों द्वारा और महिला परीक्षार्थियों की जांच महिला वीक्षकों द्वारा की जाएगी। प्रवेश द्वार के पास वर्जित वस्तुओं की जानकारी चस्पा रहेगी, जिसका पूरी तरह पालन करना होगा। परीक्षार्थी केवल बॉल पेन, पानी की पारदर्शी बोतल, ई-प्रवेश पत्र, आईडी कार्ड और आवश्यक दवाइयां साथ ला सकेंगे।

दीया तले अंधेरा : झोन कार्यालय वाले भगतसिंह उद्यान में गंदगी, स्वच्छता में नंबर 1 रहे शहर में 7-8 वर्षों बाद दिखी ऐसी तस्वीर

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। स्वच्छता में नंबर 1 का खिताब हासिल करने वाले इन्दौर की छवि पर अब सवाल उठने लगे हैं। नार्थ राजमोहल्ला स्थित भगतसिंह उद्यान की ताजा तस्वीर इसकी गवाही दे रही है। उद्यान में जैसी गंदगी दिखाई दे रही है, वैसी तस्वीर पिछले 7-8 वर्षों के पूर्व शहर में देखने को मिलती थी। हैरानी की बात यह है कि इसी उद्यान के बीचोबीच नगर निगम के झोन क्रमांक 2 का कार्यालय स्थित है। यानी निगम के झोन दफ्तर के आसपास ही सफाई की यह हालत है। ऐसे में 'दीया तले अंधेरा' की कहावत नगर निगम पर पूरी तरह सटीक बैठती है। मौजूदा हालात देखकर ऐसा लगता है, मानो नगर निगम ने स्वच्छता के खिताब से शहर को बाहर करने के लिए पूरी तरह कमर कस ली है, जो शहर





कभी पूरे देश को स्वच्छता की प्रेरणा देता था, वह अब गंदगी की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा है। इस स्थिति के पीछे निगम अफसरों और राजनेताओं के बीच सामंजस्य की कमी को बड़ी वजह माना जा रहा है। इस कमी का खामियाजा सीधे तौर पर आम जनता को भुगतना पड़ रहा है, जो रोजाना इस बदहाली को देख रही है। शायद इस खबर के बाद नगर निगम की नींद खुले और उद्यान की तस्वीर बदले।

आयुक्त ने दिए रोड का काम तेज करने के निर्देश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा निर्माणाधीन मास्टर प्लान सड़को का निरीक्षण किया गया। आयुक्त द्वारा लक्ष्मीबाई प्रतिमा चौराहा से जिंसी तक का कार्य 15 दिसम्बर तक एवं जिंसी चौराहा से नेमिनाथ चौराहे तक का कार्य 31 दिसंबर तक निर्धारित समय सीमा में करने के निर्देश दिए गए ताकि उक्त रोड पर यातायात शुरू किया जा सके। यंहा यातायात शुरू होते ही कण्डीलपुरा से इंदौर वायर फैक्ट्री चौराहे तक मास्टर प्लान सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अपर



आयुक्त अभय राजनगवंकर, कार्यपालन यंत्री पीएस कुशवाहा, सहायक यंत्री नरेश जायसवाल ओर अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

सांची दूध की नीतियों के खिलाफ होगा धरना-प्रदर्शन

सांची दूध ने उपभोक्ताओं के लिए दाम बढ़ा दिए, किसानों के लिए नहीं

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

भारतीय किसान एवं मजदूर सेना के बबलू जाधव ने बताया कि सांची दूध संघ ने दूध विक्रय में दाम बढ़ा दिए, दूध उपभोक्ताओं से भाव बढ़ाकर लिए जा रहे है, लेकिन किसानों को भाव बढ़ाकर दाम नहीं दिए जा रहे है, जबकि दुग्ध संघ ने 4 रु. लीटर तक के दाम बढ़ा दिए गए है। जाधव ने कहा कि सांची दुग्ध संघ का यह फैसला पूरी तरह अन्यायपूर्ण और दुर्भाग्यपूर्ण है। एक तरफ महंगाई का बोझ किसानों पर पड़ रहा है। इस अन्यायपूर्ण रवैये के कारण सांची दुग्ध संघ के खिलाफ 26 नवंबर से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन की चेतावनी भी जाधव द्वारा दी गई। जाधव ने कहा कि लम्बे समय से किसानों के हक की लड़ाई लड़ी जा रही है। प्रदेश की 150 से अधिक गांवों की सांची दुग्ध डेयरियों पर ज्ञापन सौंपकर दूध का भाव 12 रुपये प्रति फैट करने की मांग की जा चुकी है। इसके बावजूद सांची दुग्ध संघ के जिम्मेदार अधिकारियों ने किसानों की मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया।

2 उद्योगों पर 30 हजार रुपयों की चालानी कार्रवाई

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

नगर निगम द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण, सीवर लाइन की स्वच्छता एवं अपशिष्ट जल के उचित निस्तारण को लेकर लगातार निरीक्षण एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जोन क्रमांक 17 के वार्ड क्रमांक 18 एवं 19 अंतर्गत स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में टीपी लाइन का मुख्यालय व जोनल कार्यालय जोन क्रमांक 17 की टीम द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि



कुछ उद्योगों द्वारा बिना ट्रीटमेंट किए पानी एवं प्लास्टिक सहित अपशिष्ट सीधे लाइन में छोड़ा जा रहा है। इस पर कार्रवाई करते हुए आर के इंडस्ट्रीज पर 10 हजार रुपये तथा जे डी मैन्युफैक्चरिंग पर 20 हजार रुपये की चालानी कार्रवाई की गई। इस प्रकार दोनों उद्योगों पर कुल 30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

नलों से पानी व्यर्थ बहने पर कार्रवाई के निर्देश

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने जोन क्रमांक 12 के वार्डों का निरीक्षण किया। दौरे के दौरान नलों, पर कई जगहों पर टोटियां या वाल्व नहीं लगे होने तथा पानी व्यर्थ बहते / ढोलते हुए पाए जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। आयुक्त सिंघल द्वारा जहां-जहां नलों पर टोटियां या वाल्व नहीं लगे हैं, वहां तत्काल टोटियां या वाल्व लगाने के निर्देश दिए, पानी के व्यर्थ बहाव को रोकने, पानी की बर्बादी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वार्ड 62 के झोन अधिकारी राहुल सूर्यवंशी का एक दिन का और उपयंत्री सौरभ सोमैया का 15 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। झोन 12 के नियंत्रणकर्ता अधिकारी राहुल सूर्यवंशी फिल्ड में नही मिलने पर 2 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये गये। आयुक्त सिंघल ने कहा कि एक ओर शहर में जलापूर्ति के लिए निगम द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर टोटियों के अभाव में हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह जाता है इस पर तत्काल कार्रवाई की जावे। सिंघल द्वारा हरसिद्धि, लोहा मण्डी, कलेक्ट्रेट, एम.वाय.एच चौराहा, जी.पी.ओ., ए.बी.रोड़, गीता भवन, विजय नगर तथा रिंगरोड़ आदि क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान जोन क्रमांक 22 में कचरा जलता पाए जाने तथा सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं होने पर सी एस आई धीरेंद्र चौहान का एक दिन का तथा दरोगा का 5 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार झोन क्रमांक 12 वार्ड 62 में कचरे के पाईन्ट बने होने पर दरोगा नवीन पंचवाल को निलंबित करने के निर्देश दिये एवं वार्ड 31 के मस्टरकर्मी दरोगा रजत हाडे की सेवा समाप्त करने के निर्देश दिये गये। झोन क्रमांक 07 वार्ड 29 भमोरी मेकेनिक नगर में आसपास सफाई व्यवस्था संतोष जनक नही होने पर सीएसआई अनिल सिरसिया एवं दरोगा राकेश मदनलाल का 03-03 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये गये। भमोरी के आसपास क्षेत्र में बैनर पोस्टर लगे होने पर रिमूव्हल प्रभारी तथा रिमूव्हल दल प्रभारी के 03-03 दिन के वेतन काटने के निर्देश दिये गये।

उठावना



ॐ ॐ

स्व. लक्ष्मीनारायण जी राठौर की पुत्रवधु,
मोहनलाल राठौर के छोटे भाई पी.सी. राठौर (एडवोकेट) की धर्मपत्नी,
स्व. अशोक राठौर एवं पत्रकार अर्जुन राठौर की भाभीजी,
स्व. मनोज राठौर, वरिष्ठ पत्रकार राजेश राठौर, दीपिका की माताजी,
पवन राठौर की काकीजी, भाजपा नेता रामबाबू राठौर,
नितिन, नवनीत राठौर की बड़ी मम्मी, पार्षद मीता राठौर की बड़ी सास,
ऋषि राठौर, पत्रकार राज राठौर, आदित्य राठौर की दादीजी

श्रीमती सुशीला देवी राठौर

का निधन 12.11.2026 को हो गया है।

उठावना - शनिवार, 14.11.2026 को सायं 4 से 5 बजे तक बनवारीलाल जाजू सभागृह, माहेश्वरी स्कूल परिसर, छत्रीबाग, इंदौर पर रखा गया है।


शोकाकुल - **पी.सी. राठौर** (एडवोकेट), **राजेश राठौर** (पत्रकार)
मोबाइल: 9425055566, 9827033396

बैठक - प्रतिदिन 15 नवंबर से 20 नवंबर तक सायं 7 से 9 बजे तक
निवास- 93, विश्वकर्मा नगर, विश्वकर्मा मंदिर के पीछे, अन्नपूर्णा रोड, इंदौर पर रहेगी।

VIGILANCE

स्वतंत्र समय मीडिया समूह • समय नाऊ चैनल • घमासान डॉट कॉम
• दैनिक स्वतंत्र समय (इंदौर-भोपाल-ग्वालियर-जबलपुर)

भिसे को माहेश्वरी दम्पति ने दी श्रद्धांजलि



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।

सानंद न्यास के अध्यक्ष जयतं भिसे का निधन हो गया। इस पर माहेश्वरी समाज से दम्पति ओम-स्वाति टावरी ने निधन पर शोक जताया, श्रद्धांजलि भी दी और कहा कि उनका जाना अपूरणीय क्षति है। हमारी मुलाकात अप्रैल 2008 गुडी पड़वा पर हुई थी। हमारे मराठी साहित्य और मराठी नाटक की समझ देखकर भिसे हमसे हमसे खुश हुए थे। उसके बाद उनसे जुड़ाव लगातार लगा रहा।





कसेरा बाजार स्कूल में अध्यापकों ने दी विद्यार्थियों के लिए प्रस्तुति

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

लाल कलर की वेशभूषा में पहुंचे विद्यार्थियों के लिए करवाई प्रतियोगिता

श्री कसेरा बाजार विद्या निकेतन स्कूल स्कीम नं. 71 में आज देश के प्रथम प्रधानमंत्री रहे जवाहरलाल नेहरू की जन्म जयंती पर सुबह से कार्यक्रम आयोजित कराए गए। विद्यार्थियों को निर्धारित लाल कलर की वेशभूषा में बुलाया गया था। आज बच्चों के बाल दिवस पर अध्यापकों ने मोटिवेशन कार्यक्रम आयोजित किया और अध्यापकों ने मंच पर डांस की प्रस्तुतियां दी और इन विद्यार्थियों को बाल दिवस पर प्रतियोगी गेम्स भी खिलाए गए। विजेताओं को पुरस्कृत प्रचार्य वर्षा झंवर, उपप्राचार्य नेहा श्रीधर द्वारा किया गया।

दीपावली मिलन में पुरस्कार और सम्मान



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।

निगम कर्मचारी कामगार संघ के बैनरतले दीपावली मिलन का आयोजन अभिनव कला समाज में किया गया। गोगादेव पर्व पर निकाली गई झांकी एवं छड़ियों के भक्तों एवं कलाकारों का नगद एवं प्रतीक चिन्ह ट्रॉफी देकर सम्मान कर उन्हें पुरस्कार भी दिए गए। महेश गौहर, सूरज गौहर, निकिता गौहर, श्याम अजयपाल, मोहिनी करोड़े, सीमा नरवाले, कविता करोसिया, बाबूलाल सिरसिया, मुकेश बागड़ी, सरिता दावरे, रानू सेन, श्याम शर्मा, कालीचरण यादव, राजपाल मेलाने, बबल वेद मौजूद थे। ख्वाहिश शर्मा, अनवर खान कलाकारों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।



सर्वोदय स्कूल के विद्यार्थी रेड वेशभूषा में पहुंचे

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सर्वोदय बाल विनय मंदिर स्कूल सदर बाजार में आज देश के पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जन्म जयंती मनाई गई। विद्यार्थी आज रेड ड्रेस वेशभूषा में पहुंचे। कुछ विद्यार्थी चाचा नेहरू बनकर गुलाब की कली लगाकर पहुंचे थे। इन बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां डांस के रूप में दी। वहीं इन बच्चों के बीच प्रतियोगी गेम भी कराए गए। विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। उक्त जानकारी प्राचार्य सोनाली दुबे ने देते हुए बताया कि आज बच्चों की टिफिन पार्टी भी रखी गई, यह टिफिन पार्टी दोपहर में अध्यापकों के साथ आयोजित होगी।

माहेश्वरी समाज का आज मिलन और अन्नकूट

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। संयोगितागंज माहेश्वरी समाज द्वारा दीपावली मिलन समारोह एवं अन्नकूट का आयोजन आज शनिवार 14 नवंबर को माहेश्वरी भवन चिड़ियाघर के सामने शाम से किया जाएगा। सुमित तापड़िया ने बताया कि भगवान जगन्नाथ के झांकी दर्शन होंगे, महाआरती की जाएगी। संजय चंडक, सौरभ राठी, कैलाश बाहेती, वरुण बाहेती, दीपक माहेश्वरी, सोना कोठारी, वंदना तापड़िया, अंकित बल्दवा सहित अन्य आयोजन से जुड़े हैं।

जैन अनुसंधान संगठन का दीपावली मिलन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री जैन प्राच्यविद्या अनुसंधान संगठन के दीपावली मिलन समारोह में अतिथि मनीष नायक जैन ने गाय पर उद्बोधन दिया और कहा कि प्राचीन काल से ही पशु नहीं कामधेनु माना गया। गाय को मारा ना जाए यह भी वेदों में लिखा गया। एमके जैन ने बताया कि यह आयोजन गोकुलानन्दम कनाड़िया रोड पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संगीता नायक जैन, देवेन्द्र सिंघई, पंकज जैन, डॉ सुशील जैन, आशीष जैन, आलोक जैन, सुषमा जैन, श्वेता जैन, अनुभा जैन, ज्योति जैन, मुस्कान जैन, मनोज जैन मौजूद थे।



जैन समाज के मिलन से पहले तैयारी बैठक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



समग्र जैन समाज का दीपावली मिलन 22 नवम्बर को सुबह 8 से 10 बजे के बीच केसरबाग रोड स्थित गार्डन पर इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ जैन फोरम एवं इंद्रपुरी चातुर्मास उत्सव समिति, नेमीनगर जैन समाज के तत्वावधान में आयोजित होगा। आयोजन को लेकर कॉफी हाऊस में बैठक आयोजित की और आगामी कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा बनाकर जिम्मेदारी भी तय की गई। समारोह में चार पीढ़ी परिवार सम्मान, मेहंदी प्रतियोगिता, बेस्ट कपल, बेस्ट ड्रेस, बेस्ट माता-पिता और बच्चे की ड्रेस कॉम्बिनेशन तथा 4 वर्ष तक के सभी बच्चों के लिए गिफ्ट का आयोजन होगा। सुबह 8 बजे के पहले आने वाले 21 परिवारों को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रकाश भटेवरा, कांतिलाल बम, राजेश जैन, अनिल भोजे, अशोक मेहता, निर्मल कासलीवाल, कैलाश वेद, वीणा सेठी, शांता भामावत, रेखा पतंग्या, सरिता जैन, प्रदीप जैन, प्रमोद डफरिया सहित अन्य मौजूद थे।

सेन समाज दतोदा ने पगड़ी में कपड़ा प्रथा बंद कराई



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सेन समाज से जुड़े सुभाष वर्मा ने बताया कि महू तहसील के ग्राम दतोदा में सेन समाज ने पगड़ी रस्म में कपड़ा प्रथा, प्लेट प्रथा बंद कराई। सुशीलादेवी, देवीलाल सेन के निधन पर यह प्रथा बंद कराकर शुरूआत की गई। सीताराम सेन ने बताया कि इस अवसर पर सुभाष वर्मा, दिलीप सेन, कैलाश श्रीवास, धन्नालाल सराठे, दिनेश सेन, मुकेश सेन, अनोखीलाल सराठे, संजय सेन सहित अन्य मौजूद थे।



रमेश पानवाला का निधन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्रीश्री यादे प्रजापति बरदिया समाज से जुड़े महेश कश्यप ने बताया कि समाज के वरिष्ठ और नाग मंदिर समिति से जुड़े रहे समाजसेवी रमेश पानवाला बप्पा का निधन 85 वर्ष की उम्र में हो गया। राजन सारंगी, गोविंद, कैलाश, मुकेश, कुन्नू कश्यप के वे पिताजी थे, महेश कश्यप के वे काका थे। अंतिम यात्रा बाणगंगा से निकलकर कुम्हारखाड़ी मुक्तिधाम पर पहुंची, जहां अंतिम संस्कार किया गया। उठावना कल रविवार शाम 5 बजे प्रजापति धर्मशाला कुम्हारखाड़ी पर होगा।

साध्वी ने दिए संत पर प्रवचन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ जैन मंदिर में चातुर्मास के लिए विराजमान साध्वी सौम्यकला श्रीजी म.सा. ने आचार्य विजयवल्लभ सूरीश्वर के जीवन पर सार्थक प्रवचन दिए।

केसरी वाटिका में आज ज्ञान पंचमी एवं लाभ पंचमी महोत्सव



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मुनिराज डॉ. सिद्धरत्न विजयजी म.सा. ने कल चातुर्मास प्रवचन सार्थक रूप से दिए। विद्वद्गुणा श्रीजी म.सा. ठाणा-2 की भी पावन निश्रा रही। मुनिश्री ने मोबाइल देखते हुए भोजन करने, कागज पर थूक लगाने और पुस्तकों को फाड़ने जैसी आदतों को अनुचित बताते हुए कहा कि जहां भी लिखे हुए अक्षर हों, उनके प्रति आदर का भाव रखना चाहिए। राजेश-प्रिया जैन युवा ने बताया कि आज ज्ञान पंचमी एवं लाभ पंचमी महोत्सव मनाया गया। जिसमें प्रातः ज्ञान का सामूहिक देववंदन हुआ। कल 15 नवंबर को प्रातः 9:30 बजे श्री केसरी वाटिका में लाभार्थियों एवं गुरुदेव के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने हेतु समारोह होगा, जिसके बाद स्वधर्मीवात्सल्य रहेगा।

गोशाला में पहुंचेंगे घरों के लड्डू गोपाल

गोपाष्टमी पर लगेगा छप्पन, गोपाल-मिलन आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। अहिल्या माता गौशाला केसरबाग रोड पर गोपाष्टमी 17 नवम्बर को सुबह 7.30 से दोपहर 2 बजे तक गोमाता पूजन, गो-गोपाल मिलन, गोमाता के अन्नकूट सहित विभिन्न कार्यक्रम होंगे। गोशाला में उपजे आंवला का वितरण भी किया जाएगा। गो भक्तों को गोशाला में ही उपजे आंवला का निशुल्क वितरण भी किया जाएगा और आधुनिक मशीन से आभा मंडल टेस्टिग सहित गर्भवती माताओं के गर्भस्थ शिशु में श्रेष्ठ संस्कारों के लिए विशेषज्ञ वैद्यों द्वारा गर्भ संस्कार जैसे कार्यक्रम भी होंगे। गोपाष्टमी पर श्रद्धालु घरों से लड्डू गोपाल लेकर गौशाला पहुंचेंगे और लड्डू गोपाल का गौमाता से मिलन होगा, परिक्रमा भी लगाई जाएगी। सप्त गोमाता मंदिर में गोमाता की जीवंत झांकी भी रहेगी। अलग-अलग पदाधिकारियों को दायित्व सौपे गए है। गौमाता और लड्डू गोपाल के मिलन का दृश्य भी अदभूत होगा।

छठ महोत्सव में डिजिटल रथ यात्रा जारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भोजपुरिया वेलफेयर सोसायटी, इन्दौर द्वारा छठ महोत्सव क़ा चार दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के लिए डिजिटल रथयात्रा 9 नवम्बर से जारी है जो 15 नवंबर तक जारी रहेगी। कल नहाय-खाय से छठ महोत्सव की शुरूआत हुई थी, आज खरना का आयोजन किया जा रहा है। कल शाम पहला अर्घ्य और 16 नवंबर, सोमवार सुबह 7 बजे अर्घ्य दिया जाएगा और आयोजन का समापन होगा। आयोजन से विनोद सिंह बैस, मंकेश सिंह, नंदलाल सिंह, हेमचन्द्र पोद्दार, केशवसिंह, गुड्डू सिंह, आलोक सिंह, रामकिशोर पाल, विनोद श्रीवास्तव, महेन्द्र जैन, अंकित सिंह, अमन सिंह,





कृष्णा शर्मा और रमाशंकर सहित अन्य जुडे हुए है। ड्रीम सिटी में भी कल से छठ महोत्सव शुरू हुआ था। घर की सफाई के बाद सात्विक भोजन बनाया गया। भगवान सूर्य को भोग लगाया गया। 150 से अधिक स्थानों पर आयोजन हो रहे है। कल शाम रविवार होने की वजह से भी बडी संख्या में श्रद्धालु अस्त हो रहे भगवान सूर्य को अर्ध्य देने पहुंचेगे। आज शाम को भगवान सूर्यदेव और छठ माता का पूजन भी किया जाएगा। खीर, पिट्ठा और रोटी प्रसाद ग्रहण कर 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरु करेंगे।

एक ही परिवार के 60 सदस्यों ने मनाई भाईदूज





इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मालवा मिल क्षेत्र के अग्रवाल पंचायत से जुडे मंत्री सुशील अग्रवाल और अभय पोद्दार ने बताया कि उनके पिताजी रामेश्वर किशनलाल के समय से एक साथ पारिवारिक कार्यक्रम होते है। भाईदूज का आयोजन बुआ, मामा, भांजे, बेटे, बेटियां और उनके बच्चों सहित करीब 60 सदस्यों ने एक साथ एक जगह पर मनाया। इस दौरान देवरानी-जेठानी, ननंद-भोजाई, सास-बहू, भाई-भाई, भाई-भतीजे भी मौजूद रहे।

सर्वधर्म सद्भाव संदेश के साथ दीपावली मिलन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। सर्वधर्म सद्भाव एवं सामाजिक एकता की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से दीपावली मिलन समारोह का आयोजन षकिया गया। स्वागत भाषण राहुल निहोरे ने दिया।



प्रीमैच्योर बच्चों के लिए 5 किमी की जागरूकता वॉक

आयु फाउंडेशन का आयोजन, पहले 300 प्रतिभागियों को नि:शुल्क टी-शर्ट

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। समय से पहले जन्मे बच्चों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए रविवार, 15 नवंबर को सुबह 6:30 बजे शहर में 5 किलोमीटर की वॉक 'प्रीमेथॉन 2.0–वॉक फॉर प्रीमीज' होगी। विश्व प्रीमैच्योरिटी दिवस के उपलक्ष्य में यह आयोजन अंकुरा हॉस्पिटल फॉर वुमेन एंड चिल्ड्रन और आयु फाउंडेशन मिलकर कर रहे हैं। वॉक अंकुरा हॉस्पिटल से शुरू होगी और प्रेस्टीज कॉलेज तथा वृंदावन होटल होते हुए दौड़ समाप्त होगी। डॉ. परितोष आनंद ने कहा कि 'सही देखभाल और सकारात्मक माहौल मिले तो ये नन्हे योद्धा हर चुनौती जीत सकते हैं।' पहले 300 प्रतिभागियों को निःशुल्क टी-शर्ट दी जाएगी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दुनिया में लगभग हर 10 में से 1 बच्चा समय से पहले जन्म लेता है और भारत में ऐसे बच्चों की संख्या सबसे अधिक है।

अक्षय जैन बने आईजा के प्रदेश प्रवक्ता

प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बाफना ने सौंपी जिम्मेदारी



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर के स्वतंत्र पत्रकार, लेखक एवं चिंतक अक्षय जैन को ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट (आईजा) का प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया की अनुमति से प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बाफना ने उनकी नियुक्ति की घोषणा की और उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी। क़ई मीडिया कर्मियों, व्यापारियों और समाजजनों ने अक्षय जैन को बधाई दी।



सालुंके बने मध्यप्रदेश ट्रांसपोर्ट महासंघ के प्रदेश प्रवक्ता

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मध्यप्रदेश ट्रांसपोर्ट महासंघ ने सुशील सालुंके को प्रदेश प्रवक्ता के पद पर नियुक्त किया है। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय अरोरा ने यह नियुक्ति की है। उन्होंने यह फैसला महासंघ के चेयरमैन मंदीप सिंह की मंशा के अनुरूप लिया। संजय अरोरा, राकेश अरोरा, मनीष सोनी, जयमल सिंह, जसवंत सिंह, मेहर सिंह, संत सिंह, राजकुमार सावनेर, विजय रोचलानी, नरेश पुरोहित और गिरीश सदानी नियुक्ति के समय और बधाई देने में मौजूद रहे।

राठी परिवार करा रहा है आज अन्नकूट महोत्सव

श्री गोवर्धननाथ मंदिर में हो रहा है आयोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कम्पेल स्थित श्री गोवर्धननाथ मंदिर में आज 14 नवंबर को अन्नकूट महोत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर पर भगवान श्री गोवर्धननाथजी के छप्पन भोग दर्शन हो रहे है। राठी परिवार की ओर से आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया गया है। आज सुबह कम्पेल गोवर्धननाथ मंदिर में आरती की गई। श्रद्धालुओं का आना जारी है, छप्पन भोग भी किए जा रहे है। श्रद्धालु प्रसादी भी ले रहे है। आयोजन से फूलकुंवर राठी, भगवानदास राठी, बृजमोहन राठी, युगल किशोर राठी, विकास राठी, आकाश राठी, नितेश राठी जुड़े हुए है।



निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। स्कीम 71 स्थित कन्या विद्यालय में अंतरविद्यालयीन निबंध, चित्रकला एवं संगीत स्पर्धा का आयोजन कल किया गया। 14 स्कूलों के 170 विद्यार्थियों ने शिरकत की। अलग-अलग कक्षाओं के बीच अलग-अलग प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

1500 जैन आराधकों ने किया उवसग्गहरं स्तोत्र का सामूहिक जाप



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। महासती डॉ. कुमुद लता म.सा. के सानिध्य में नरसिंह वाटिका में चातुर्मास आयोजन किया जा रहा है। कल 1500 जैन आराधकों ने उवसग्गहरं स्तोत्र का सामूहिक जाप किया। श्री पार्श्व पद्मावती 16 एकासना तप आराधना की, पूर्णाहूति पूर्ण हुई। 3275 आराधक ऑनलाइन जुड़े रहे। तप अनुमोदना एवं धर्मसभा का आयोजन किया गया। उक्त जानकारी प्रकाश भटेवरा ने दी।



जीपीओ से सरवटे सड़क चौड़ीकरण के लिए अभी इंतजार

अगले साल ही शुरू हो पाएगा यहां का निर्माण कार्य

अभी मधुमिलन से छावनी पुल तक तेजी से चल रहा कार्य

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विधानसभा 3 से जुड़े क्षेत्र जीपीओ चौराहे से सरवटे बस स्टैंड तक बनने वाली मास्टर प्लान की सड़क चौड़ीकरण और निर्माण कार्य शुरू होने के लिए अभी लोगों को और ज्यादा इंतजार करना पड़ेगा। बताया जा रहा है कि अब मास्टर प्लान की मंजूर उक्त सड़क निर्माण और चौड़ीकरण का कार्य अब अगले साल की शुरुआत में होने की उम्मीद है। जबकि वर्तमान में मधु मिलन चौराहे से लेकर छावनी पुलिया जगन्नाथ सेतु तक सड़क चौड़ीकरण और निर्माण का कार्य पिछले चार-पांच माह से दिन-रात तेजी के साथ चल रहा है। वर्तमान में 60 फीट चौड़ाई में उक्त सड़क बाधक निर्माण हटने और तोड़फोड़ के बाद लगभग आधी से ज्यादा बनकर तैयार भी हो गई है। जबकि जीपीओ चौराहे से सरवटे बस स्टैंड रोड तक बनने वाली सड़क चौड़ीकरण का कार्य लंबे समय से मंजूरी के बाद भी अभी तक शुरू नहीं हो पाया है।

नसिया से जूनी इंदौर पुलिया तक खुदाई के बाद सड़क नहीं बनने से परेशानी- वर्तमान में नसिया रोड़ से जूनी इंदौर रेलवे ब्रिज पुलिया तक निगम द्वारा ड्रेनेज और स्ट्राम वाटर लाइन डालने का काम किया जा रहा है। जिसको लेकर निगम द्वारा लाइन डालने के बाद खुदाई वाले हिस्से में रेस्टोरेशन कार्य और सड़क बनाने की बजाय गिट्टी और चूरी डालकर काम अधूरा छोड़ दिया है। इसके कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी हो रही है। करीब 100 से 150 मीटर लंबे हिस्से में गिट्टी और चूरी के कारण फिसलन से आने-जाने वाले वाहन चालकों को परेशानी अलग हो रही है। जबकि जिम्मेदार यहां का काम भविष्य में उक्त सड़क का निर्माण कार्य शुरू होने के कारण टालने में लगे है। जिससे लोगों को अभी परेशानी हो रही है। इसके अलावा यहां वर्तमान में खुदाई कर बड़ी स्ट्रांम लाइन और ड्रेनेज लाइन डालने का काम तेजी के साथ चल रहा है।

बाधक निर्माण चिन्हित और निशान लगाने का पहले ही हो चुका है काम- जबकि जीपीओ से सरवटे तक बनने वाली करीब 2 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण और चौड़ीकरण में आने वाले 60 से 70 बाधक निर्माण 100 साल से ज्यादा पुराना छावनी का मार्केट जिसमें 70 से ज्यादा दुकानें और लोगों के पुस्तैनी मकान भी बड़ी संख्या में बाधक बन रहे है। जिनको 60 फीट चौड़ाई के मान से हटाने और तोड़फोड़ करने के लिए निगम द्वारा जनप्रतिनिधियों की सहमति से पहले ही चिन्हित कर निशान लगाने का काम भी हो चुका है। हालांकि सड़क निर्माण का कार्य अभी शुरू नहीं हुआ है।

लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन को ग्रीन मॉडल बनाएगा रेलवे

इससे पहले इंदौर स्टेशन से हुई थी हरियाली की शुरुआत

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। अमृत भारत योजना के अंतर्गत लंबे समय से करोड़ों रुपए खर्चकर इंदौर के पास स्थित लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन के री - डिवेलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत नवीनीकरण और सौंदर्यकरण कार्य पर रेलवे द्वारा करीब 55 करोड रुपए से ज्यादा खर्च किए गए थे। वहीं अब स्टेशन के नवीनीकरण कार्य पूरा होने बाद अब रेलवे रतलाम मंडल द्वारा लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन को ग्रीन मॉडल बनाने की तैयारी की जा रही है। जिसके तहत अमृत भारत योजना में आधुनिक किए गए लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन पर रेलवे द्वारा रि डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत कई आधुनिक सुविधाओं के साथ अब पर्यावरण के अनुकूल स्वरूप देने पर भी अब आने वाले दिनों में विशेष ध्यान दिया जाएगा। जिसके तहत इस स्टेशन पर लगभग दो सौ ज्यादा नए हरियाली और खबसूरती वाले पौधे लगाकर इसे रेलवे ग्रीन स्टेशन के रूप में विकसित करने जा रहा है। जिस पर रेलवे द्वारा अपने स्तर पर तैयारियां कर काम भी शुरू कर दिया गया है।

इंदौर रेलवे पीआरओ मुकेश कुमार के मुताबिक स्टेशन भवन की शुरुआत से लेकर नवीन स्टेशन की अंतिम छोर तक हरियाली और सुंदरता के लिए रेलवे द्वारा यहां करीब दो सौ से ज्यादा ऊंची हाइट वाले बड़े पेड़-पौधे लगाए जाएंगे ताकि ऐसे पौधे जल्दी पनप जाए और अपने हिसाब से तैयार भी हो जाए। इसके अलावा बड़े आकार के सजावटी और छायादार पौधों का रोपण भी यहां किया जाएगा। इससे स्टेशन पर छाया भी रहेगी। साथ ही खूबसूरती और हरियाली के साथ पर्यावरण के हिसाब से भी स्टेशन पर यात्रियों को बेहतर माहौल और पर्याप्त ऑक्सीजन मिलेंगी। यही नहीं इसको लेकर रेलवे द्वारा तैयारी भी शुरू कर दी है।

इसके अलावा इस नवीन तैयार स्टेशन भवन की डिजाइन इस तरह से तैयार की गई है कि दिन के समय यहां ज्यादा से ज्यादा प्राकृतिक रोशनी स्टेशन के भीतर प्रवेश कर सकें। जिससे यहां दिन में भी पर्याप्त रोशनी रहती है। यही नहीं स्टेशन के नवीन भवन में पर्याप्त वेंटिलेशन की व्यवस्था भी की गई है। जिससे बिजली की खपत भी कम होगी और बिजली की बचत भी होगी। वहीं खास बात यह है कि रेलवे द्वारा इस तरह से नए लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन पर हरियाली और सुंदरता को ध्यान में रखते हुए पेड़-पौधे लगाने की प्लानिंग कर काम शुरू करने से यात्रियों को इंदौर स्टेशन के बाद अब लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन पर भी पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन और हरियाली ग्रीनरी के साथ छाया भी मिलेगी।

ग़ौरतलब है कि कुछ साल पहले पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के अंतर्गत आने वाले इंदौर स्टेशन पर तत्कालीन डीआरएम आर एन सुनकर द्वारा कुछ साल पहले हरियाली को लेकर अनूठे प्रयोग किए थे। जिसके अंतर्गत इंदौर रेलवे स्टेशन पर खाली प्लेटफार्म पर पटरियों के बीच खूबसूरती और ग्रीनरी के लिए पेड़ -पौधे लगाकर हरियाली अभियान की शुरुआत की थी। इसके साथ इंदौर स्टेशन पर बीच के करीब एक से डेढ़ किमी हिस्से में सैकड़ों पेड़-पौधों की हरियाली नजर आती है। यही नहीं रेलवे द्वारा इंदौर जंक्शन पर लगे सालों पुराने आधा दर्जन से ज्यादा पेड़ री डेवलपमेंट प्रोजेक्ट में बचाकर इनको भी लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन पर शिफ्टिंग करने की प्लानिंग है। इसके अलावा नए दो सौ के आसपास पेड़-पौधे भी लगाए जाएंगे। यही नहीं इससे भविष्य में इंदौर स्टेशन के साथ लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन ग्रीन मॉडल के रूप में विकसित नजर आएगा।



34 करोड़ खर्च कर होगा बाउंड्रीवॉल और आधुनिकीकरण कार्य

ईएसआईसी भवनों में प्रस्तावित नवीनीकरण को मिली मंजूरी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मध्यप्रदेश लोक प्रशासनिक विभाग के अंतर्गत ईएसआईसी भवनों में चारों और सुरक्षा बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य के साथ कुछ नवीन अतिरिक्त कमरों के नवनिर्माण के साथ भवनों के नवीनीकरण की योजना पर बेहद जल्द विस्तार से प्रस्तावित कार्य शुरू किया जाएगा। जिस पर विभाग द्वारा बड़ी राशि खर्च की जाएगी। जिसको लेकर निविदा संबधित प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। इसी साल में आने वाले दिनों में बेहद जल्द निविदा सम्बंधित प्रक्रिया पूरी होते ही यहां प्रस्तावित निर्माण कार्य भी शुरू हो जाएगा।

नवीनीकरण से पहले होगा चार दीवारी निर्माण कार्य

साथ ही नवीनीकरण और भवनों के आसपास चारों ओर सुरक्षा चार दीवारी नई बाउंड्रीवाल निर्माण का कार्य भी आरंभ किया जाएगा। साथ ही कुछ अतिरिक्त कमरों का निर्माण और आधुनिकरण आवश्यक सुधार कार्य और अन्य निर्माण कार्य भी किए जाएंगे। जिसको लेकर विस्तार से कार्य योजना बनकर तैयार है। शासन से मंजूरी मिलने के बाद अब प्रस्तावित कार्यों पर 34 करोड रुपए के आसपास खर्च कर जल्द ही सभी कार्य एक साथ शुरू करने की तैयारी है।

डेंटल कॉलेज का उजाड़ बगीचा सही होगा, लाखों रुपए होंगे खर्च

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। इंदौर महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज के अंतर्गत अधीन एमवाय हॉस्पिटल रोड़ पर स्थित दंत चिकित्सा महाविद्यालय में स्थित बगीचों को संवार कर उनके आधुनिकरण और सौंदर्यकरण की योजना बनाकर बेहद जल्द इस पर प्रबंधन विस्तार से सौंदर्यकरण के कार्य शुरू करेगा। जिसको लेकर एमजीएम प्रबंधन द्वारा विस्तार से कार्य योजना बनाकर निविदा संबंधित प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। जिसके तहत प्रबंधन यहां बगीचों में बाहर से कई तरह के पौधे मंगवाकर लगाएगा। साथ ही एमजीएम डेंटल कालेज में पढ़ने वाले और प्रैक्टिक्स करने वाले छात्र - छात्राओं के लिए बगीचे में सौंदर्यकरण और सजाने संवारने के कई काम एक साथ शुरू करेगा।



बैठक व्यवस्था के साथ नई लाइटिंग भी लगवाएगा

एमजीएम प्रबंधन के मुताबिक सालों पुराने बगीचों में ग्रीनरी और हरियाली के लिए बाहर से पेड़ पौधे मंगाकर लगवाए जाएंगे। साथ ही छात्र-छात्राओं के बैठने के लिए बगीचे में नई बेंच भी लगवाई जाएगी। साथ ही लंबे समय से बंद गार्डन की लाइटिंग सुधारकर यहां नई लाइटिंग लगवाई जाएगी। इसके अलावा सुबह -शाम घूमने के लिए लंबे - चौड़े वाकिंग ट्रेक भी बनाए जाएंगे ताकि एमजीएम से जुड़े छात्र-छात्राएं यहां बगीचे में घूमने के साथ पढ़ाई भी कर सके।

संपादकीय

लाइब्रेरी की अलमारियों में फर्जी किताबें, तमिलनाडु पुस्तकालय विवाद पर मद्रास हाई कोर्ट सख्त

तमिलनाडु के सरकारी पुस्तकालयों में लेखकों के नाम पर नकली किताबें और खरीद में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। मद्रास हाई कोर्ट ने इसे गंभीर मानकर **DVAC** जांच के आदेश दिए हैं। पुस्तकालय किसी समाज की बौद्धिक चेतना का आधार होते हैं। वहां रखी किताबें केवल कागज के पन्ने नहीं, बल्कि पीढ़ियों के अनुभव, विचार, शोध और ज्ञान का संचित रूप होती हैं। ऐसे में अगर पुस्तकालय की अलमारियों में ही नकली किताबें पहुंचने लगें, तो पाठकों पर क्या असर पड़ेगा? तमिलनाडु के सरकारी पुस्तकालयों का यह मामला बेहद चिंताजनक है। मद्रास हाई कोर्ट के सामने आया कि मदुरै के कलैगनार सेंटेनरी पुस्तकालय में 'डेमोक्रेसी एंड पीपुल्स राइट इन द कंटेम्परारी वर्ल्ड' नाम की पुस्तक अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज के नाम से रखी थी, जबकि उन्होंने उसे फर्जी बताया। चर्चित तमिल कवि और स्वतंत्रता सेनानी सुब्रमण्यम भारती, जिन्हें भारथियार भी कहा जाता है, के नाम से भी ऐसी रचनाएं मिलीं, जिनका लेखन उनसे जोड़ना गलत था। अदालत ने इस बात पर वाजिब चिंता जताई है और इसे पाठकों के गुणवत्तापूर्ण जानकारी पाने के अधिकार का उल्लंघन माना है। अदालत ने सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय (डीवीएसी) को प्राथमिकी दर्ज करने, संदिग्ध पुस्तकों को हटाने और जिम्मेदार अधिकारियों की पहचान करने का निर्देश दिया। दरअसल, यह प्रकरण कुछ नकली किताबों तक सीमित नहीं है। लेखक पेरुमल मुरुगन ने कोयंबटूर के पेरियार अरिवुलागम के लिए पुस्तकों की खरीद में कथित बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की ओर ध्यान खींचा था। जांच में नकली पुस्तकों की खरीद के आरोप भी हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि पुस्तक चयन में गुणवत्ता, प्रामाणिकता और जवाबदेही से समझौता नहीं किया जा सकता। शोधार्थी और जिज्ञासु पाठक पुस्तकालयों में इसलिए जाते हैं कि उन्हें प्रामाणिक सामग्री मिलेगी, अध्ययन को आधार मिलेगा और समझ विकसित होगी। वे हर पुस्तक के लेखक, तथ्य और संदर्भ की अलग से जांच नहीं कर सकते। पुस्तकालय की मुहर उनके लिए भरोसे का संकेत होती है। जरूरी है कि खरीद प्रक्रिया पारदर्शी हो, पुस्तकों और लेखकों का स्वतंत्र सत्यापन किया जाए, चयन समितियों की जवाबदेही तय हो और दोषियों पर कार्रवाई हो। पुस्तकालयों की अलमारियां कागज से भरना उपलब्धि नहीं। वहां सत्य, विचार और प्रामाणिक ज्ञान होना जरूरी है। नकली किताबें पाठकों के साथ धोखा और समाज की ज्ञान-व्यवस्था तथा संस्कृति पर भी चोट हैं। दुनिया भर में इस बात पर सहमति है कि अगर बढ़ते वैश्विक ताप के मसले पर जल्दी ही ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो व्यापक स्तर पर इसके खामियाजे किसी न किसी रूप में सभी देशों को उठाने पड़ेंगे। जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर होने वाले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भागीदारी करने वाले सभी देश इस पर गहरी चिंता जताते हैं। मगर हकीकत यह है कि बीते कई दशकों से लगातार वैश्विक ताप में इजाफे के कारणों और हल के उपायों पर सिर्फ चर्चा ही होती रही है।

कलियुगी बेटे ने मां और ताई को पीटा

पानी की मोटर बंद करने के विवाद के बाद मामला थाना तक पहुंचा, मां ने बेटे के खिलाफ कराई रिपोर्ट

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। गांधी नगर थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद के चलते एक युवक ने पानी की मोटर बंद करने की बात पर अपनी ही मां और ताई के साथ बेरहमी से मारपीट कर दी। आरोपी ने मां का गला पकड़कर पटक दिया और बीच-बचाव करने आई ताई के हाथ पर डंडे से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी बेटे के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, यह घटना गांधी नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम जम्बुडी हप्सी की है।

फरियादी भंवर बाई पति रामलाल चौकसे (55) निवासी ग्राम जम्बुडी हप्सी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उन्होंने घर पर पानी की मोटर चालू की थी। इसी दौरान उनका छोटा बेटा विनोद चौकसे निवासी ग्राम जम्बुडी हप्सी वहां आया और बिना किसी बात के मोटर बंद करने लगा। जब मां भंवर बाई ने उससे पूछा कि वह मोटर क्यों बंद कर रहा है, तो आरोपी विनोद आग बबूला हो गया और उन्हें गालियां देने लगा। मां द्वारा गालियां देने से मना करने पर आरोपी ने उनके साथ हाथ-थप्पड़ों से मारपीट शुरू कर दी। मां की चीख-पुकार सुनकर उनकी जिठानी शकुंतला चौकसे (62) बीच-बचाव करने के लिए दौड़ीं। यह देखकर गुस्से में आए विनोद ने मां भंवर बाई को गर्दन से पकड़कर जमीन पर फेंक दिया और पास ही पड़ा डंडा उठाकर ताई शकुंतला पर हमला कर दिया। डंडा लगने से शकुंतला के दाहिने हाथ के पंजे के ऊपर गंभीर चोट आई है।

म्यूल अकाउंट के रूप में बैंक खाते का इस्तेमाल

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में साइबर ठगी के एक बड़े मामले का खुलासा हुआ है। पुलिस ने बैंक खाते का दुरुपयोग कर उसे ऑनलाइन धोखाधड़ी के लिए 'म्यूल अकाउंट' के रूप में संचालित करने वाले खाताधारक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

अवैध ट्रांजेक्शन के लिए योजनाबद्ध तरीके से किया उपयोग, प्रकरण दर्ज

पुलिस के अनुसार, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की अभिमान प्लाजा शाखा राजेंद्र नगर में संचालित एक बैंक खाते की तकनीकी जांच के दौरान यह कार्रवाई की गई। जांच में सामने आया कि आरोपी मुकुंद बंगाले निवासी कृष्णा नगर, राजेंद्र नगर के नाम पर रजिस्टर्ड इस बैंक खाते का उपयोग साइबर अपराधियों द्वारा अवैध रूप से 'म्यूल अकाउंट' के रूप में किया जा रहा था। साइबर फ्रॉड के जरिए ठगी गई रकम को ठिकाने लगाने और विभिन्न अवैध ट्रांजैक्शन के लिए इस खाते का सुनियोजित तरीके से इस्तेमाल किया गया था। राजेंद्र नगर पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी खाताधारक मुकुंद बंगाले के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इस साइबर फ्रॉड सिंडिकेट में उसके साथ और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

33 गंभीर अपराधों का बदमाश ब्राउन शुगर सहित धराया

इंदौर। अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों के तहत क्राइम ब्रांच की टीम ने एक बड़ी



सफलता हासिल की है। पुलिस ने एमआर-04 रोड क्षेत्र से एक शातिर तस्कर को 17 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ शहर के विभिन्न थानों में चोरी, लूट और आबकारी एक्ट के 33 गंभीर मामले पहले से दर्ज हैं।

क्राइम ब्रांच के अनुसार, टीम गश्त और चेकिंग के दौरान भागीरथपुरा में जीवीएस मोटर के पास एमआर-04 रोड पर मौजूद थी। इस दौरान सड़क किनारे संदिग्ध हालात में बैठा एक व्यक्ति पुलिस को देखकर हड़बड़ाकर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिसकर्मियों ने त्वरित घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम मोहित उर्फ लल्लू निवासी एरोड्रम, मूल निवासी चंदन नगर बताया। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से 17 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर बरामद हुई, जिसका अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय बाजार में अनुमानित मूल्य 1,70,000 है। पुलिस ने मादक पदार्थ जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की पूछताछ और आपराधिक रिकॉर्ड खंगालने पर सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी मोहित उर्फ लल्लू एक शातिर और आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ एरोड्रम, चंदन नगर, छत्रीपुरा, हीरानगर, राजेंद्र नगर, अन्नपूर्णा, द्वारकापुरी, तेजाजी नगर और सराफा थानों में चोरी, नकबजनी, अड़ीबाजी, लूट, डकैती की तैयारी, आर्म्स एक्ट और आबकारी अधिनियम के तहत कुल 33 गंभीर आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हैं। क्राइम ब्रांच ने आरोपी के विरुद्ध थाना अपराध शाखा में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस अब आरोपी से यह कड़ाई से पूछताछ कर रही है कि वह यह अवैध ब्राउन शुगर किससे खरीदकर लाता था और शहर में किन-किन लोगों को सप्लाई करता था। इस तस्करी के नेटवर्क से जुड़े अन्य सप्लायरों की भी तलाश की जा रही है।

एमडी ड्रग्स के साथ तस्कर गिरफ्तार



इंदौर। क्राइम ब्रांच ने पोलो ग्राउंड स्थित रेलवे माल गोदाम के पास से एक आरोपी को 13.08 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स के साथ रंगे हाथों दबोच लिया है। क्राइम ब्रांच एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के अनुसार, टीम गश्त और चेकिंग के दौरान पोलो ग्राउंड क्षेत्र में रेलवे माल गोदाम और रेल पटरी के पास मौजूद थी। इस दौरान एक युवक संदिग्ध हालात में घूमता हुआ नजर आया, जो पुलिस टीम को देखकर अचानक हड़बड़ा गया। सतर्क पुलिसकर्मियों ने त्वरित घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम तोफीक खान निवासी सेंट्रल कोतवाली क्षेत्र बताया। तलाशी लेने पर आरोपी की पैंट की बाईं जेब से 13.08 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स बरामद हुई। अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय बाजार में इस मादक पदार्थ का अनुमानित मूल्य 1,30,000 है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी तोफीक तीसरी कक्षा तक पढ़ा है और पिकअप वाहन चलाने का काम करता है।

सोना-चांदी के आज के भाव



गोल्ड कैश	एमसीएक्स
140200	136600
सिल्वर कैश	एमसीएक्स
180000	176400

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

चाकू और बेल्ट से युवक पर हमला

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर चाकू और बेल्ट से हमला करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपियों ने पीड़ित को घेरकर पुराने विवाद पर जान से मारने की धमकी दी और धारदार हथियार से उस पर वार कर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने पिता-पुत्र के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

आरोपी पिता-पुत्र पर शिकायत के बाद प्रकरण दर्ज

पुलिस के अनुसार, यह वारदात जूनी इंदौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीके सिंधी कॉलोनी की है। फरियादी राहुल पिता विजय रिझवानी, निवासी बीके सिंधी कॉलोनी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे अपने गुरुजी नितिन शर्मा के यहां पारिवारिक पूजन संबंधी बात करने गए थे। जब उन्हें पता चला कि गुरुजी घर पर नहीं हैं, तो वे वहां से कुछ घर आगे आ गए, जहाँ गुरुजी के भाई सूरज शर्मा अपने निवास के बाहर खड़े थे। राहुल वहीं खड़े होकर बातचीत कर रहे थे, तभी आरोपी गोपाल कोडवानी और उसका बेटा अक्षय कोडवानी निवासी सिंधी कॉलोनी वहां आ पहुंचे। आरोपी गोपाल ने राहुल को देखते ही भड़कते हुए कहा, ठतू बहुत बीच में आ रहा है, तुझे पहले भी समझाया था कि तूने मेरे खिलाफ पहले से ही एफआईआर कर रखी है, आज मैं तेरे टुकड़े-टुकड़े कर दूंगा और तू जिंदा नहीं बचेगा। यह कहते हुए आरोपी गोपाल ने गालियां देनी शुरू कर दीं और अचानक अपनी जेब से एक चाकू निकालकर राहुल पर हमला कर दिया। इस दौरान उसके बेटे अक्षय कोडवानी ने भी अपने हाथ में रखी बेल्ट से राहुल के साथ जमकर मारपीट की।

ईवी चार्जिंग स्टेशन से तांबे की केबल चोरी

गार्ड के फोन करने पर खुली पोल, केस दर्ज

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विजय नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत चोरों द्वारा इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन को निशाना बनाने का मामला सामने आया है। अज्ञात बदमाशों ने चार्जिंग स्टेशन पर लगी तांबे की केबल काटकर चोरी कर ली। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, यह वारदात मेदांता रोड स्थित ईवी चार्जिंग स्टेशन धन ट्रेडर्स पर हुई। फरियादी इन्द्रेश पिता रविन्द्र मिश्रा, निवासी लाहिया नगर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि बीती सुबह करीब 7 बजे चार्जिंग स्टेशन पर तैनात गार्ड दीपक ने उन्हें फोन कर सूचना दी। गार्ड ने बताया कि रात के समय किसी अज्ञात चोर ने धन ट्रेडर्स के ईवी चार्जिंग स्टेशन पर लगी कीमती कॉपर की केबल काटकर चुरा ली है। सूचना मिलते ही फरियादी मौके पर पहुँचे और घटना का जायजा लेने के बाद विजय नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई।



आज शनिदेव का श्रृंगार और छप्पन भोग

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। जवाहर मार्ग आड़ा बाजार स्थित प्राचीन शनिदेव का आज लाभपंचमी पर विशेष श्रृंगार किया गया है। वहीं शनिदेव को छप्पन भोग लगाए गए हैं। उक्त जानकारी बाबूलाल जोशी, कान्हा जोशी ने दी।

सुन्नी अइम्मा कौंसिल ने युवाओं के रवैये पर जताई चिंता

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सुन्नी अइम्मा कौंसिल से जुड़े वरिष्ठों ने युवाओं के वर्तमान रवैये पर चिंता भी जाहिर की और इन युवाओं के माता-पिता से युवाओं पर ध्यान देने की गुजारिश भी की गई। युवाओं का रवैया चिंताजनक है। गलत संगत, सोशल मीडिया का दुरुपयोग, बढ़ती हुई नकारात्मक सोच और सही तरबियत की कमी के कारण नौजवानों में गुस्सा, बर्दाश्त की कमी, लड़ाई-झगड़े और दुश्मनी जैसी बुराइयाँ बढ़ती जा रही हैं। मामूली बातों पर मारपीट, आपसी विवाद और हत्या जैसी दर्दनाक घटनाएँ न केवल परिवारों को उजाड़ रही हैं, बल्कि पूरे समाज के लिए चिंता का सबब बन रही हैं। नौजवान समाज का भविष्य और ताकत होते हैं वे गलत रास्ते पर नहीं जाए इसके लिए माता-पिता की जिम्मेदारी बनती है। माता-पिता अच्छी तालिम और अच्छी संगत दोस्तों की मिले एवं युवाओं की रोजमर्रा की गतिविधियों पर भी ध्यान दें।



भागवत के पूर्व शोभायात्रा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शिवशक्ति सदन बड़ी भमौरी में भागवत कथा का आयोजन शुरू हुआ उसके पहले कलश-शोभा यात्रा निकाली गई। जगह-जगह यात्रा का स्वागत हुआ। शरद पंवार, डॉ. शिखा यादव ने बताया कि नवीन उपाध्याय के श्रीमुख से कथा की जा रही है।

क्रेडिट कार्ड की बकाया राशि चुकाने के नाम पर ग्राहकों से धोखाधड़ी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। परदेशीपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत नंदानगर मेन रोड पर दुकान चलाने वाले आरोपियों द्वारा क्रेडिट कार्ड धारकों के साथ अमानत में खयानत और धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। आरोपी ग्राहकों के क्रेडिट कार्ड की लिमिट इस्तेमाल कर उसकी राशि जमा नहीं करते थे। पुलिस ने जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई शुभम टांक और अन्य पीड़ितों की शिकायत की विस्तृत जांच के बाद की गई है। आरोपी भूरालाल मोहने पिता श्रीराम मोहने, मूल निवासी ग्राम मांडवी, जिला बैतूल, हाल निवासी सिंगापुर ग्रीन व्यू, लसूड़िया और विजय मोहने नंदानगर मेन रोड पर विजय गारमेंट्स एवं विजय ज्वेलर्स नाम से दुकान संचालित करते हैं। जांच में पाया गया कि आरोपी दुकान पर आने वाले ग्राहकों को झांसे में लेते थे। वे क्रेडिट कार्ड की आउटस्टैंडिंग अमाउंट क्लियर कराने के नाम पर ग्राहकों के दूसरे क्रेडिट कार्ड अपने पास रख लेते थे। इसके बाद आरोपी उन क्रेडिट कार्ड की लिमिट का खुद इस्तेमाल कर लेते थे, लेकिन बाद में ग्राहकों की उधारी राशि बैंक में जमा नहीं करते थे। इस तरह दोनों आरोपी ग्राहकों का विश्वास जीतकर उनके क्रेडिट कार्ड से लाखों रुपये की लिमिट खर्च कर मुकर जाते थे। शिकायत की जांच के बाद परदेशीपुरा थाना पुलिस ने आरोपी भूरालाल मोहने और विजय मोहने के विरुद्ध धोखाधड़ी और अमानत में खयानत की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और यह पता लगा रही है कि आरोपियों ने अब तक कितने अन्य लोगों को अपना शिकार बनाया है।

10 आरोपी 6 माह के लिए जिलाबदर

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कलेक्टर शिवम वर्मा ने जिले के ग्रामीण थाना क्षेत्रों के 10 आरोपियों को छह माह के लिए जिला बदर करने के आदेश जारी किए हैं। इन आरोपियों पर वर्ष 1995 से 2024 तक कुल 135 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। इनमें से एक आरोपी पर 46 और दूसरे पर 27 अपराध दर्ज हैं। जिलाबदर किए गए आरोपियों में थाना महू क्षेत्र के संजू उर्फ संजय उर्फ तात्य पिता मन्नूलाल उर्फ मुन्नालाल बोरासी, फरीद पिता मोहम्मद अफजल, राहुल पिता भूरा सोनकर, अभिषेक उर्फ अम्मू उर्फ अमन उर्फ अमित और शाहबाज उर्फ साहिल उर्फ भण्डारी शामिल हैं। इनके अलावा थाना देपालपुर क्षेत्र के मुकेश पिता मांगीलाल सिंगाड़, थाना बढ़गोंदा क्षेत्र के महेश पिता ज्ञानसिंह तथा थाना किशनगंज क्षेत्र के हारिश पटेल, इकराम उल हक उर्फ गोल्डन और शाकिर पटेल भी जिला बदर किए गए हैं। आरोपियों पर हत्या के प्रयास, मारपीट, अवैध हथियार रखने, अवैध शराब बेचने, चोरी, अवैध वसूली और महिलाओं से अभद्र व्यवहार सहित कई गंभीर मामले दर्ज हैं।

श्रीराम स्पोर्ट्स की विराट जीत

इंदौर । एमपीसीए द्वारा प्रायोजित एवं आईडीसीए द्वारा आयोजित एमपीसीए अंडर-15 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत श्रीराम स्पोर्टस एवं एसवीसीए के मध्य मैच खेला गया जिसमें एसवीसीए ने पहले खेलते हुए 27 ओवरो में मात्र 50 रन बनाकर अपने सभी विकेट खो दिये। कार्तिक चैहान ने 10 ओवरो में मात्र 14 रन देकर 5 विकेट हासिल किये। जवाब में श्रीराम स्पोटस ने अपनी पहली पारी में 39 ओवरो में सभी किवेट खोकर 119 रन बनाये और 69 रनों की बढत प्रापत की । प्रमोद सिंह ने 7 विकेट लिये। एसवीसीए ने अपनी दूसरी पारी में 41 ओवरो में सभी विकेट खोकर 118 रन बनाकर श्रीराम स्पोर्टस के सामने 50 रनों का लक्ष्य रखा। कार्तिकेय अग्रवाल ने 5 विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीराम स्पोर्टस ने 15 ओवरो में 4 विकेट खोकर 50 रन बनाकर यह मैच 6 किवेट से जीत लियां।

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एमवायसीसी एवं राउ क्लब के मध्य खेला गया जिसमें राउ क्लब ने पहले खेलते हुए 58 ओवरो में सभी विकेट खोकर 129 रन बनाये। जाबीर पटेल ने 46 रन बनाये। युवराज सोनगरा ने 3 विकेट एवं आराध्य, दिव्यांश व निषाद ने 2-2 विकेट लिये। जवाब में एमवायसीसी ने अपनी पहली पारी में 69 ओवरो में सभी विकेट खोकर 275 रन बनाये और 146 रनों की महत्वपूर्ण बढत प्राप्त की । प्रीत चैपरा ने 87 रन व युवराज चैहान ने 42 रन बनायें। अजीज हुसैन ने 3 विकेट लिये। जवाब में राउ क्लब ने अपनी दूसरी पारी में 96 रनों पर ही अपने सभी विकेट खो दिये और यह मैच एक पारी और 50 रनों से हार गई । आराध्य वर्मा ने 4 विकेट तथा अनुज निषाद व दिव्यांश पाराशर ने 3-3 विकेट लिये।

मानस की उम्दा गेंदबाजी, पार्थ का शतक

इंदौर। एमपीसीए द्वारा प्रायोजित एवं आईडीसीए द्वारा आयोजित एमपीसीए अंडर-22 दो दिवसीय क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत संजय लुणावत फाउण्डेशन एवं विजय क्लब के मध्य मैच खेला गया जिसमें विजय क्ल्ब ने पहले खेलते हुए 64 ओवरो में सभी विकेट खोकर 230 रन बनाए । आदित्य द्विवेदी ने नाबाद 74 रन एंव अर्पित पाटीदार ने 62 रन बनाये। मानस जैन ने 5 विकेट लिए । जवाब में एसएलएफ ने अपनी पहली पारी में 62 ओवरो में सभी विकेट खोकर 342 रन बनाए और 112 रनों की बढत प्राप्त की । वंश जोशी ने 108 रन एवं निहार लवाटे ने 62 रन व मानस जैन ने दोहरा प्रदर्शन करते हुए 50 रन बनाए ।

सीनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता का शुभारम्भ

एन बी ए इन्दौर क्वार्टर फाइनल में

इंदौर। बास्केटबॉल काम्पलेक्स में म.प्र. बास्केटबॉल संघ के तत्वाधान में कार्पोरेशन एरिया बास्केटचॉल ट्रस्ट, इन्दौर व्दारा आयोजित भूपेन्द्र बंडी स्मृति सीनीयर राज्य बॉस्केटबॉल प्रतियोगित्ता (महिला-पुरुष) के पहले दिन बहुत ही आकर्षक मैच खेले गए । महिला वर्ग में आईटीएम ग्वालियर ने कडे संघर्ष के बाद एलएनआईपीई ग्वालियर को मात्र 5 अंक (77-72) से पराजित किया। मध्यान्तर तक विजेता टीम 31-28 से आगे थी। विजेता टीम की ओर से लक्षिता ने 4 थी प्वाईन्ट सहित 18 अंक एंव श्वेता ने 16 अंक बनाए जबकि पराजित टीम की ओर से आकृति ने 4 थी प्वाईन्ट सहित 19 एंव जेनिफर ने अंक बनाये । पुरुष वर्ग में एन बी ए इन्दौर ने इन्दौर कार्पोरेशन को मात्र 3 अंकों से परास्त कर (78-75) क्वार्टर फाईनल में प्रवेश किया । विजेता एन बी ए इन्दौर के कुलदीप हार्डिया ने प्लेमेकर की भुमिका निभाते हुये अपने साथी खिलाडियों से सराहनीय सहयोग प्राप्त करते हुये 34 अंक बनाए जबकि पराजित टीम इन्दौर कार्पोरेशन की ओर से 38 अंक बनाए ।

बाल ट्रैफिक प्रहरी ने दिया संदेश



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। बाल ट्रैफिक प्रहरी आदित्य तिवारी ने बाल दिवस पर अच्छे यातायात और नियम पालने को लेकर स्टीकर के माध्यम से वाहन चालकों से वादा लिया कि वे हेलमेट लगाएंगे, कार चलाते समय सीट बेल्ट लगाएंगे, रेड लाइट से लेकर एकांगी मार्ग का पालन भी करेंगे, तीन सवारी नहीं बैठाएंगे। इस दौरान निरीक्षक सोनाली मोर्य, निरीक्षक मोहिनी गोयल, सब इंस्पेक्टर महिमा राम, यातायात से जुड़े संगीता तिवारी, श्याम बिहानी, निर्मल साहू, संध्या जायसवाल सहित अन्य भी चाणक्यपुरी चौराहा पर बाल प्रहरी के साथ मौजूद रहे।



रियल क्राइम सीन पर व्यावहारिक प्रशिक्षण एवं व्याख्यान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आरएपीटीसी पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के व्यावहारिक कौशल को विकसित करने के उद्देश्य से रियल क्राइम सीन विषय पर विशेष प्रैक्टिकल व्याख्यान आयोजित किया गया। डॉ. पंकज वाधवानी ने तकनीक की जानकारी दी। पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।



जिसके कारण मिली शर्मनाक हार, उसे ही दिया गिफ्ट

माउंट माउंगानुई। बे ओवल मैदान पर न्यूजीलैंड के खिलाफ चौथे वनडे में भारतीय टीम को 244 रनों की करारी शिकस्त झेलनी पड़ी, लेकिन मैच के बाद दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली के एक खूबसूरत अंदाज ने सभी का दिल जीत लिया। भारत की बल्लेबाजी को तहस-नहस करने वाले और खुद कोहली को 0 पर बोल्ड करने वाले न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी से विराट कोहली ने मैच खत्म होने के बाद मुलाकात की और उन्हें अपनी खास जर्सी गिफ्ट की।

करारी हार की निराशा के बावजूद दोनों खिलाड़ियों के बीच हुई इस आत्मीय मुलाकात और खेल भावना की जमकर तारीफ हो रही है।

मुकाबले में मैट हेनरी ने अपने वनडे करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 27 रन देकर 6 विकेट चटकाए, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। पारी के पहले ही ओवर में हेनरी ने रोहित शर्मा (0), विराट कोहली (0) और कार्यवाहक कप्तान श्रेयस अय्यर (0) को पवेलियन भेजकर भारत का स्कोर 0/3 कर दिया था। वनडे इतिहास में यह पहला मौका था जब भारत ने बिना कोई रन बनाए अपने शुरुआती तीन विकेट गंवाए। ओवर की पांचवीं गेंद पर हेनरी ने बाहर जाती गेंदों के बाद एक अंदर आती नीची गेंद पर फॉर्म में चल रहे कोहली को क्लीन बोल्ड किया था। हालांकि, मैच के बाद कोहली ने उस कड़वी याद को पीछे छोड़ते हुए हेनरी को गले लगाया, मुस्कुराते हुए मैच पर चर्चा की और उन्हें अपनी जर्सी भेंट कर उनके ऐतिहासिक स्पेल की सराहना की।

न्यूज इन बॉक्स

भारतीय अंडर-19 टीम 9वें खिताब के लिए उतरेगी

नई दिल्ली । अंडर-19 एशिया कप 2026 के खिताबी मुकाबले में आज जब भारतीय युवा ब्रिगेड मौजूदा चैंपियन पाकिस्तान के सामने उतरेगी, तो उसका लक्ष्य सिर्फ 9वीं बार ट्रॉफी पर कब्जा जमाना नहीं होगा। इस महामुकाबले में टीम इंडिया के पास चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से एक नहीं, बल्कि दो-दो पुराने हिसाब चुकता करने का सुनहरा मौका है। भारतीय समयानुसार सुबह 10:30 बजे शुरू होने वाले इस फाइनल में भारत को जीत दर्ज करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा। भारतीय अंडर-19 टीम के लिए यह फाइनल मुकाबला आत्मसम्मान की बड़ी जंग है, क्योंकि पाकिस्तान के खिलाफ उसके दो बड़े जख्म अभी भी हरे हैं।

हिरदान, विरज, कपीश क्वालीफाइंग दौर में जीते


इंदौर। मध्य प्रदेश टेनिस संघ के तत्वाधान में इंदौर टेनिस क्लब में आयोजित की जा रही साहिल ग्रुप तृतीय मध्य प्रदेष राज्य स्तरीय रैंकिग टेनिस टूर्नामेन्ट में खेले जा रहे क्वालीफाइंग मुकाबलों में इंदौर के हिरदान डागा, विरज अरजरे एवं कपीश अग्रवाल ने अपने अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में प्रवेश कर लिया है। बालक वर्ग-14 वर्ष आयु के क्वालीफाइंग राउण्ड में हिरदान डागा (इंदौर) ने वंश मेहता (इंदौर) 5-3 विरज अरजरे (इंदौर) ने आरव गर्ग (इंदौर) 5-0 से, कियान बंसल (इंदौर) ने आरूष सोनी (इंदौर) 5-0 से, मोहम्मद अली खान (इंदौर) ने सूर्यांश कनेल (खण्डवा) 5-2 से, रेयांश पटेल (इंदौर) ने मोनीष कोटिवाल (इंदौर) 5-1 से, समवेद जोशी (इंदौर) ने अदविक गोयल (इंदौर) 5-2 से, अनुकल्प यादव (इंदौर) ने प्रांजल तिवारी (ग्वालीयर) 5-1 से पराजित किया।

विराट ने शून्य पर आउट होते ही सचिन के रिकॉर्ड की बराबरी की

नई दिल्ली। विराट कोहली सचिन तेंदुलकर के कई बड़े रिकॉर्ड तोड़ चुके हैं। खासकर वनडे फॉर्मेट में तो विराट का दबदबा है। वह सचिन के शतकों का रिकॉर्ड तोड़ चुके हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के चौथे मुकाबले में विराट का खाता नहीं खुला। पारी के पहले ही ओवर में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने विराट कोहली को बोल्ड कर दिया।

वनडे में 20वीं बार डक हुए विराट कोहली

विराट कोहली वनडे क्रिकेट में 20वीं बार जीरो पर आउट हुए हैं। उन्होंने 2008 में भारत के लिए डेब्यू किया था। अभी तक उन्होंने 321 मैचों में 308 बार बैटिंग की है। 2010 में विराट पहली बार वनडे में डक हुए थे। जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच में विराट बिना गेंद खेले रन आउट हुए थे। पिछली 4 पारियों में विराट का खाता दूसरी बार नहीं खुला है। वेस्टइंडीज के खिलाफ आखिरी वनडे में भी वह जीरो पर आउट हुए थे।



सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड की बराबरी की- वनडे में भारत के लिए सबसे ज्यादा बार जीरो पर आउट होने का रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम था। 463 मैचों के वनडे करियर में सचिन का खाता 20 बार नहीं खुला था। अब विराट कोहली ने उनकी बराबरी कर ली है। विराट ने सचिन से 142 कम मैच खेले हैं लेकिन उनके बराबर डक कर लिए हैं। प्रमुख बल्लेबाजों में युवराज सिंह और रोहित शर्मा 18-18 बार जीरो पर आउट हुए हैं।

जीरो रन पर भारत के

भारत के लिए वनडे में सबसे ज्यादा डक

खिलाड़ी	मैच	डक
विराट कोहली	321	20
सचिन तेंदुलकर	463	20
युवराज सिंह	301	18
रोहित शर्मा	295	18
सौरव गांगुली	308	16

तीन विकेट गिरे– मैट हेनरी ने भारतीय पारी के पहले ही ओवर में रोहित शर्मा, विराट कोहली और कप्तान श्रेयस अय्यर को जीरो पर आउट किया। हेनरी की गेंद को रोहित फिन एलन के हाथों में मार बैठे, तो विराट कोहली क्लीन बोल्ड हुए। वहीं, ओवर की आखिरी गेंद पर कीवी तेज गेंदबाज ने श्रेयस अय्यर को एलबीडब्ल्यू करते हुए पवेलियन भेजा। भारतीय टीम ने अपने पहले तीन विकेट स्कोरबोर्ड पर बिना कोई रन लगाए गंवाए।

भारतीय वनडे क्रिकेट के इतिहास में यह पहला मौका है, जब टीम इंडिया ने बिना कोई रन बनाए ही अपने शुरुआती तीन विकेट गंवाए हैं।

टी-20 के बाद वनडे में भी श्रेयस के नाम हुआ शर्मनाक रिकॉर्ड

नई दिल्ली । स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर के लिए वनडे इंटरनेशनल में कप्तानी का आगाज टी20 इंटरनेशनल से भी कहीं ज्यादा निराशाजनक और कड़वा साबित हुआ है। टी20 कप्तान के रूप में जहां उन्हें शुरुआत में आयरलैंड के खिलाफ हार झेलनी पड़ी थी, वहीं शुभमन गिल की गैरमौजूदगी में जब उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ चौथे वनडे में पहली बार भारतीय वनडे टीम की कमान मिली, तो टीम इंडिया को 244 रनों की शर्मनाक शिकस्त का सामना करना पड़ा। रनों के लिहाज से यह वनडे इतिहास में भारत की दूसरी सबसे बड़ी हार है। इस मुकाबले में न केवल टीम हारी, बल्कि कप्तान श्रेयस अय्यर अपना खाता तक नहीं खोल सके और एक ऐसे अनचाहे रिकॉर्ड के मालिक बन गए, जो भारतीय क्रिकेट इतिहास में आज तक किसी कप्तान के साथ नहीं जुड़ा था। माउंट माउंगानुई में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला गया चौथा वनडे श्रेयस अय्यर के करियर का ऐसा अध्याय बन गया है, जिसे वे जल्द से जल्द भुलाना चाहेंगे। पहली बार वनडे फॉर्मेट में टीम इंडिया की अगुवाई कर रहे अय्यर पहली ही गेंद पर बिना कोई रन बनाए पवेलियन लौट गए। इस विफलता के साथ ही वे वनडे कप्तानी के डेब्यू मैच में शून्य पर आउट होने वाले भारत के पहले कप्तान बन गए हैं।

16 साले के आरव ने 41 साल के हुसैन को दी करारी शिकस्त

इंदौर। भारतीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर महासंघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर मध्य प्रदेश बिलियर्ड्स एवं स्नूकर संघ के तत्वावधान में शहर के प्रतिष्ठित यशवंत क्लब में खेली जा रही विश्व स्नूकर चैंपियनशिप में भारत के 16 साल के आरव संचेती ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए ओमान के हुसैन अलावती को आसानी से 4-0 से पराजित कर क्वालीफाइंग दौर के पहले फेज में जीत दर्ज की। वहीं स्थानीय खिलाड़ी रितिक जैन, कमल चावला, पीयूष कुशवाह, भारत के ही 22 साल के ध्रुव पटेल, रयान राजमी, क्रिश गुरबक्शानी, ध्वज हरिया, दिग्विजय कादियान, पुष्पेंद्र सिंह, श्री कृष्ण सूर्यनारायणन, कनिष्क जांझरिया, लक्ष्मण रावत, अनुराग गिरी ने जीत दर्ज की ।



मप्र बिलियर्ड्स- स्नूकर एसो. की मेजबानी में शुरू हुई वर्ल्ड स्नूकर चैंपियनशिप के क्वालीफाइंग राउंड के मुकाबले शुक्रवार को शुरू हो गए । इस स्पर्धा में 32 देशों के खिलाड़ी शिरकत कर रहे है। भारत में यह स्पर्धा तीसरी मर्तबा खेली जा रही है। इससे पहले कोलकाता और बेंगलुरु में खेली गई थी।

295 वनडे में सिर्फ 3 ही गोल्डन डक इन गेंदबाजों ने रोहित को बनाया शिकार

माउंट माउंगानुई। न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के चौथे मुकाबले में रोहित शर्मा का खाता नहीं खुला। वह पारी की पहली ही गेंद पर आउट हो गए। 295 मैचों के वनडे करियर में 18वीं बार रोहित शर्मा खाता खोले बिना आउट हुए हैं। वहीं यह सिर्फ तीसरा ही मौका है जब वनडे में वह अपनी पहली ही गेंद पर पवेलियन लौटे। हम आपको रोहित को गोल्डन डक करने वाले 3 गेंदबाजों के बारे में बताते हैं।

साकिब अल हसन- बांग्लादेश के साकिब अल हसन रोहित को गोल्डन डक करने वाले पहले गेंदबाज थे। 2010 के एशिया कप में भारत और बांग्लादेश का मुकाबला दंबुला में हुआ था। चौथे नंबर पर उतरे रोहित अपनी पहली ही गेंद पर साकिब के खिलाफ एलबीडब्ल्यू हो गए थे।

लसिथ मलिंगा– भारतीय टीम ने 2012 में श्रीलंका का दौरा किया था। यह सीरीज रोहित के लिए किसी बुरे सपने की तरह था। 5 मैचों में उन्होंने सिर्फ 13 रन बनाए थे। सीरीज के तीसरे मुकाबले में कोलंबो के मैदान पर लसिथ मलिंगा ने उन्हें पहली गेंद पर एलबीडब्ल्यू कर दिया था।

मैट हेनरी- न्यूजीलैंड के मैट हेनरी का नाम इस लिस्ट में शामिल हो गया है। ओपनर बनने के बाद रोहित पहली बार गोल्डन डक हुए हैं। पारी की पहली ही गेंद पर मैट हेनरी ने रोहित को स्लिप में कैच करवा दिया।

भारतीय शैली की राज्य कुश्ती चयन स्पर्धा सम्पन्न, राष्ट्रीय कुश्ती में आगरा जाएंगे

इंदौर । छत्रपति शिवाजीराव कुश्ती स्टेडियम में राज्य कुश्ती टीम का चयन हुआ । जिसमें इंदौर ,भोपाल, जबलपुर,उज्जैन, कटनी, नीमच, रतलाम, देवास, दतिया, विदिशा के पहलवानों बने भाग लिया । चयन स्पर्धा ओलंम्पियन पप्पू यादव के निर्देशन में सम्पन्न हुई । विजेता पहलवान दीपक जबलपुर, कलाम बाबरी उज्जैन, अंकुश यादव इंदौर,



युवराज पाल, विजय यादव, मदस्सर खान सभी इंदौर, महिला गुनगुन कटनी, लक्ष्मी इंदौर, समाय खंडवा, अंजलि अंजू कारोसिया । टीम के साथ कोच एनआईएस केजेश यादव व रिंकू यादव जाएंगे । टीम आगरा में 17से 19 नम्बर तक राष्ट्रीय ट्रेडिशनल कुश्ती में भाग लेंगी । अतिथि नगरपालिका के एमआईसी सदस्य पार्षद नंदकिशोर पहाड़िया, नारायण सिंग यादव, गुलशन यादव, मध्यप्रदेश कुश्ती संघ के ओलंपियान पप्पु यादव, विक्रम अवार्डी ओमप्रकाश खत्री, सुरेश यादव,गोविन्द गुज्जर,विकास यादव उपस्थित थे।

खूनी संघर्ष... पानी के विवाद में चाकू-डंडे व ईंट से हमला

सरकारी बोरिंग पर पानी भरने को लेकर उपजा विवाद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बाणगंगा थाना क्षेत्र में सरकारी बोरिंग से पानी भरने को लेकर हुए मामूली विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। आरोपियों ने पानी भरने का विरोध करते हुए पहले महिला के साथ गाली-गलौज की और बीच-बचाव करने आए मकान मालिक व उनके भाई पर चाकू, डंडे तथा ईंट से हमला कर दिया। पुलिस ने इस मामले में 5 आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, यह वारदात बाणगंगा थाना क्षेत्र के शीतल नगर की है। जहां रहने वाली फरियादी सोनम परमार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके मोहल्ले में सरकारी बोरिंग लगा हुआ है। कॉलोनी में रहने वाली लक्ष्मी कुरील ने उस बोरिंग को बंद कर दिया था। जब

बीच-बचाव करने आए मकान मालिक और भाई हुए घायल

सोनम वहां पहुंची और लक्ष्मी से कहा कि उन्हें पानी भर लेने दिया जाए, तो इसी बात पर लक्ष्मी भड़क उठी और गालियां देने लगी। विवाद बढ़ने पर आरोपी लक्ष्मी अपने घर से एक चाकू लेकर आ गई। खुद को घिरता देख सोनम ने अपने मकान मालिक राजेश राजोरिया को मौके पर बुलाया। राजेश के आने के कुछ ही देर में लक्ष्मी कुरील के पक्ष के अन्य लोग भूरी कुरील, आकाश कुरील, विक्की कुरील तथा संगीता कुरील भी वहां आ गए। जब मकान मालिक राजेश राजोरिया ने आरोपियों को समझाने का प्रयास किया, तो सभी ने मिलकर राजेश और सोनम के साथ हाथ-थप्पड़ों से मारपीट शुरू कर दी। इस बीच राजेश ने पास ही रहने वाले अपने भाई संजय राजोरिया को फोन पर घटना की जानकारी दी, जो तुरंत बीच-बचाव कराने आ गए। संजय राजोरिया जब आरोपियों को समझाने की कोशिश कर रहे थे, तभी विक्की कुरील ने अपने हाथ में रखे डंडे से संजय के सिर, चेहरे, दाएं पैर और दोनों हाथों पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। वहीं आकाश कुरील ने पास ही पड़ी ईंट उठाकर संजय की बाईं आंख के नीचे जोरदार मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। बाणगंगा थाना पुलिस ने फरियादी सोनम परमार की रिपोर्ट पर आरोपी संगीता, भूरी कुरील, विक्की कुरील, लक्ष्मी कुरील और आकाश कुरील सभी निवासी शीतल नगर के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

लहूलुहान बंद चाकू से सिर फोड़ा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बाणगंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत मारुति नगर में मामूली बात पर एक युवक के साथ मारपीट करने और चाकू से हमला कर घायल करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक के सिर पर बंद चाकू से वार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, यह वारदात बाणगंगा थाना क्षेत्र के मारुति नगर की है। फरियादी योगेश (19 वर्ष) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी सोनू रिगरेट, सागर दोनों निवासी गणेश धाम कॉलोनी और उनका साथी आयुष वानखेडे अचानक उसके पास आए और बिना किसी कारण गालियां देने लगे। जब योगेश ने उन्हें गालियां देने से मना किया, तो आरोपी सोनू रिगरेट ने अपनी पैंट की जेब से एक चाकू निकाला और बंद चाकू से ही योगेश के सिर पर सामने की तरफ जोरदार हमला कर दिया। वार इतना तेज था कि योगेश का सिर फट गया और खून निकलने लगा। इसके तुरंत बाद आरोपी सागर और आयुष वानखेडे ने भी उसे घेरकर हाथ-घूंसे से बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धौंस देते हुए मौके से भाग निकले।

रास्ता रोककर विवाद में दी गालियां



चाकूबाज धराया

पुलिस पूछ रही है किसे मारने जा रहा था

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। एमआईजी पुलिस ने अयोध्यापुरी कालोनी क्षेत्र में अवैध रूप से चाकू लेकर घूम रहे फैजान पिता इस्माइल खान उम्र 23 साल निवासी कृष्णबाग कालोनी को पकड़ा। खटकेदार चाकू 13 इंच का बरामद किया गया। पुलिस ने आर्म्स एक्ट में कार्रवाई करने के साथ ही आरोपी फैजान से पूछताछ भी जारी रखी है कि वह चाकू लेकर क्यों घूम रहा था क्या किसी को मारने का इरादा था। कार्रवाई में पुलिस के पवन जाट, जितेन्द्रसिंह यादव की भूमिका सराहनीय रही।

धक्का देने से हुई थी युवक की मौत

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सेंट्रल कोतवाली थाना क्षेत्र के नॉर्थ तोड़ा इलाके में हुई एक व्यक्ति की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने मर्ग जांच पूरी कर ली है। जांच में हुए खुलासे के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

सेंट्रल कोतवाली पुलिस के अनुसार, यह घटना बीते 9 नवंबर को रात करीब 8 बजे नॉर्थ तोड़ा क्षेत्र में हुई थी। यहां रहने वाले संदीप पिता ओमप्रकाश उर्फ गम्मू वर्मा की संदेहास्पद परिस्थितियों में मौत हो गई थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मर्ग जांच शुरू की थी। मर्ग जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि आपसी विवाद के दौरान आरोपी अनिल वर्मा निवासी नॉर्थ तोड़ा ने संदीप को जोरदार धक्का दे दिया था। इस धक्के के कारण उसे गंभीर चोटें आईं, जिसके चलते उसकी मृत्यु हो गई। जांच रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपी अनिल वर्मा के विरुद्ध बीएनएस की धारा 105 के तहत गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई और आरोपी की तलाश में जुटी है।

देवर ने भाभी को हॉकी मारकर किया घायल

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आजाद नगर थाना क्षेत्र में आपसी कहासुनी के दौरान बीच-बचाव करने को लेकर उपजे विवाद में एक देवर ने अपनी ही भाभी के साथ मारपीट कर दी। आरोपी ने लकड़ी की हॉकी से हमला कर महिला के सिर और हाथ में गंभीर चोट पहुँचाई। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, यह घटना आजाद नगर थाना क्षेत्र की अजय बाग कॉलोनी की है। फरियादी नीलोफर पति सलमान पठान, निवासी अजय बाग कॉलोनी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि घर पर उनकी किसी पारिवारिक बात को लेकर अपने पति सलमान पठान के साथ कहासुनी हो रही थी। इसी दौरान उनका देवर फरीद पठान निवासी अजय बाग वहां आया और उसने नीलोफर से कहा कि वह उसके बड़े भाई सलमान से कोई विवाद न करे। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी बढ़ गई और आरोपी फरीद गालियां देने लगा। जब नीलोफर ने उसे गालियां देने से मना किया, तो गुस्से में आकर आरोपी ने लकड़ी की हॉकी से उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस हमले में नीलोफर के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं।



दो वाहनों से पकड़ाई शराब

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

आबकारी विभाग पलासिया वृत ने अवैध रूप से टू-व्हीलर वाहन पर अवैध मदिरा परिवहन करते वाहन और शराब जब्त की और चालक को भी गिरफ्तार किया। आबकारी विभाग के अनुसार दो पहिया वाहन एमपी-09 डीक्यू 7851 एवं एमपी-09 यूक्यू 7253 को रोका तो जूपीटर व एक्टिवा से आरोपी अजय पिता मोहनलाल लिखरिया को इन्द्रप्रस्थ टॉवर के पीछे से अवैध शराब के साथ पकड़ा। इन दो वाहनों से देशी मदिरा प्लेन, विदेशी मदिरा किंगफिशर बीयर बोतल, बुडवेसर मैग्नम बियर बोतल, मदिरा की कुल मात्रा 33.6 बल्क लीटर जप्त किया गया जिसका बाजार मूल्य 1,94,380 रुपए हैं। इस कार्रवाई में अधिकारी राघवेन्द्रसिंह कुशवाह, प्रियंका रानी चौरसिया, तरुणसिंह जाट, तुषार वर्मा का सहयोग रहा।

लाल-पीली लाइट वाहनों से हटवाकर जुर्माना भी किया

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। यातायात पुलिस यातायात सुधार में चोइथराम रोड चौराहा पर जिम्मेदारी निभा रहे थाना प्रभारी सुमित बिलोनिया ने विशेष अभियान के अन्तर्गत वाहन के आगे लगी लाल-पीली इमरजेंसी लाइट वाली गाड़ियों को रोका। एक वर्ष पूर्व रजिस्टर्ड हुई गाड़ी जिस पर आज तक नम्बर प्लेट नहीं लगी थी वह वाहन संचालित किया जा रहा था। वाहनों पर लाला-पीले लाइट भी लगी हुई थी, लाइट भी निकलवाई गई और दोनों कारणों पर 3 हजार रु. का जुर्माना भी किया गया।



17 गैस सिलेण्डर बरामद

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। खजराना थाना ने अवैध रूप से गैस सिलेण्डर का भंडारण करने वालों पर शिकंजा कसा। पुलिस खजराना को मुखबिर ने सूचना दी कि कर्बला कुआं, विश्वधाम कॉलोनी के पास आशा नगर क्षेत्र में घर पर अवैध रूप से गैस सिलेण्डर रखे हुए हैं। पुलिस की टीम वहां पहुंची पुलिस को देखकर आरोपी आमीन पटेल भागने लगा, जिसे पकड़ा गया। आमीन पटेल के घर से पुलिस ने 17 घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेण्डर भरे और खाली बरामद किए। पूछने पर संतोषजनक जवाब नहीं मिला, तो पुलिस ने आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज किया। कार्रवाई में टीआई केपी यादव एवं सुरेन्द्रसिंह रघुवंशी, अनिल ओझा, प्रदीप तोमर, शुभम सिंह, जबर सिंह की अहम भूमिका रही।



सम्पादक : महेश मूंगड़। स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन, 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। RNI NO. MPHIN/2005/15582 फोन : 98273-69587 ई-मेल : cityblastindore@gmail.com